

प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 214 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 रविवार, 08 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

## मुख्यमंत्री सैनी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के संगरूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निवास स्थान परं पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। वे विधायक भी रहे, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रहे तथा पंजाब में भी उन्होंने मंत्री के रूप में जनसेवा का दायित्व भी निभाया। वे बड़े कद्दावर नेता थे। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान की प्रार्थना की।

## युवाओं को जोड़कर मजबूत संगठन तैयार करेगी जेजेपी दिग्विजय चौटाला

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि जेजेपी संगठन में युवाओं की अहम भूमिका होगी और युवाओं का एक मजबूत संगठन युवा जेजेपी तैयार करेगी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि वे प्रदेशभर में युवाओं को एकजुट करेंगे और सभी 22 जिलों में जाकर मेहनती युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जून से चलने वाले जेजेपी सदस्यता अभियान में नए युवाओं को जेजेपी की नीतियों से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें जेजेपी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए वे विशेष अभियान चलाएंगे। दिग्विजय चौटाला ने यह भी ऐलान किया कि सदस्यता अभियान के बाद युवा जेजेपी एक बड़ी रैली करके अपने संगठन की ताकत दिखाएगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार युवाओं के रोजगार को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है और जेजेपी पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा बनवाए गए 75 प्रतिशत रोजगार कानून को लागू करवाकर ही दम लेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों-श्रमिकों को दिया सम्मान: सैनी

## गरीबों और श्रमिकों की ताकत से ही बनेगा विकसित भारत: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री का कांग्रेस पर निशाना, कांग्रेस ने दी परिवार को प्राथमिकता, जनता को किया नजरअंदाज

### डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जताया आभार

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस देश की असली ताकत हमारे गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यही लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए आम जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी की और अब जनता ने उन्हें शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री आज यहां संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डीएससी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और डीएससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



### डीएससी समाज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया उनका हक: मंत्री बेदी

सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि डीएससी समाज की 60-70 वर्षों की पीड़ा और तड़प को समाप्त कर मुख्यमंत्री ने उन्हें जो अधिकार दिया है, वो ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नीति या निर्णय नहीं था, बल्कि ये शोषितों और वंचितों के सम्मान की रक्षा के लिए उठाया गया साहसिक कदम था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय लागू केवल हरियाणा में हुआ, यह मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है।

### मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर बनी नई पहचान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनावों के दौरान राहुल गांधी पवित्र संविधान की प्रति को हाथ में उठाकर घूमते नजर आए। उन्हें कोई बताए कि यह संविधान कोई प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र का मूल स्तंभ है, यह पूजा के योग्य है। संविधान को हाथ में उठाकर लोगों को डराना या गुमराह करना गलत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों को गुमराह किया कि यदि श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान खत्म हो जाएगा। जबकि सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान और अधिक



सशक्त हुआ है। आज कोई भी इस संविधान की ओर उंगली उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता। असल में, जो खत्म हो रही है वह कांग्रेस पार्टी है, क्योंकि कांग्रेस की नीतियां विफल रहीं हैं। जिन गरीबों के नाम पर उसने राजनीति की, उन्हें और अधिक गरीब कर दिया। कांग्रेस के कालखंड में अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ी, लेकिन बीते 11 वर्षों में श्री नरेंद्र मोदी ने इस खाई को पाटने का कार्य किया है। गरीब के जीवन को सम्मान देने का कार्य लगातार किया जा रहा है, यही संविधान की सच्ची रक्षा है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर आत्मनिर्भर और सशक्त देश के रूप में एक नई पहचान बनाई है। आज भारत तेजी से बदल रहा है और देश के 140 करोड़ नागरिक इस परिवर्तन को अपनी आंखों से देख रहे हैं और महसूस भी कर रहे हैं। यही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उभरता हुआ विकसित भारत है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि डीएससी समाज की 60-70 वर्षों की पीड़ा और तड़प को समाप्त कर मुख्यमंत्री ने उन्हें जो अधिकार दिया है।

### सिरसा में मनाई जाएगी संत कबीर जयंती



समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए भी निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को योद्धा बताते हुए कहा कि समाज ने जो यह सम्मान की पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, यह सम्मान समाज का है और मैं इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि आज डीएससी को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद डीएससी समाज के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां सशक्त और मजबूत होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र को प्रदान किया, आज हमारे लोकतंत्र की मूल आत्मा है। इस पवित्र संविधान के कारण ही देश को एक लोकतांत्रिक व्यवस्था मिली, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और न्यायपालिका मजबूती से कार्य कर रहे हैं। संसद के भीतर अध्यक्ष भी इसी संविधान की देन है, लेकिन दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया और आज भी कांग्रेस पार्टी जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद या न्यायपालिका पर टिप्पणियां करती है तो यह सिर्फ इनका नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का अपमान है।

## विज ने नाइट फूड स्ट्रीट का औचक निरीक्षण किया

**अम्बाला/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने गांधी ग्राउंड के साथ निमार्णाधीन नाइट फूड स्ट्रीट मार्केट में औचक निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि नाइट फूड स्ट्रीट में हर राज्य के व्यंजन होंगे जिनका खान-पान के शौकीन लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी मार्केट वातानुकूलित होगी। यहां कुल 60 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है जिनमें 40 शाकाहारी और 20 मांसाहारी होगी। नाइट फूड स्ट्रीट में



लोगों के बैठने के लिए कॉमन स्पेस का भी निर्माण किया जा रहा है तथा वाहनों को खड़ा करने के लिए नाइट फूड स्ट्रीट के ठीक साथ पार्किंग सुविधा भी बनाई जा रही है। विज ने बताया कि नाइट फूड स्ट्रीट आगामी दो माह में बनकर तैयार होगी तथा दुकानों के अलॉट होते ही यहां पर देश के हर राज्य के व्यंजन खाने के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि मार्केट की डेकोरेशन व ब्यूटीफिकेशन की जाएगी ताकि यहां आने वाले लोगों को अच्छा महसूस हो।

## 'आयुष्मान भारत योजना केवल कागजों तक सीमित'

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना करते हुए कहा कि यह योजना केवल कागजों और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है। न केवल मोतियाबिंद, पित्त की थैली व बच्चेदानी के ऑपरेशन जैसे आवश्यक इलाज योजना के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं, बल्कि कई निजी



अस्पताल अब सडक दुर्घटनाओं के घायलों तक को इलाज देने से मना कर रहे हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की विफलता से आमजन परेशान है। केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल कागजो और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना का प्रचार प्रसार कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है, सरकार की ओर से जो दावे किए जा रहे है जमीनी हकीकत में स्थिति इसके उलट दिखाई देती हैद्व प्राइवेट अस्पताल जिन्हें इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है वे मनमानी कर रहे है, कभी कभी तो वे उपचार करने से ही इंकार कर देते है तो कभी कभी सर्वर आयुष्मान कार्ड नहीं उठा रहा है कहकर मना कर देते है। ऐसे हालात में गरीब मरीजों को कैश में भुगतान कर ईलाज करवाना पड़ता है।

## एक देश-एक चुनाव से देश के संसाधनों की होगी बचत: रणबीर सिंह गंगवा



**चण्डीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि एक देश-एक चुनाव की अवधारणा देश के संसाधनों की बचत करने, प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा आज ओम यूनिवर्सिटी, हिसार में आयोजित वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आधारित संगोष्ठी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के विचार-विमर्श युवाओं में जागरूकता और नीति निर्माण में भागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित होते हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन से प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा और देश भर में एकरूपता आएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का केंद्र हमारे धार्मिक स्थल**

रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि मंदिर केवल ईश्वर भक्ति का स्थान नहीं होता, बल्कि वह सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी केंद्र होता है। उन्होंने गांव बाडोपट्टी, हिसार में श्रद्धा और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी। उन्होंने कहा कि राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण न केवल गांववासियों की धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि गांवों में धार्मिक स्थल सामाजिक जीवन की धुरी होते हैं।

## हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में अब विशेषज्ञ डॉक्टर 'ऑन-कॉल' रहेंगे उपलब्ध: आरती सिंह राव

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अब प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 'ऑन-कॉल' प्रणाली के तहत विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे, ताकि गंभीर रोगियों को समय पर उपचार मिल सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने



जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत नो-नोड फामूर्ला लागू किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विशेषज्ञ डॉक्टर अस्पतालों में ऑन-कॉल मरीजों को देखेंगे। एनेस्थीसिया, सर्जरी एवं रेडियोलॉजी, स्त्री रोग एवं बाल रोग जैसी सेवाओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह सेवा शुरूआती चरण में पांच जिलों हिसार, जींद, मेवात, सोनीपत और कैथल में उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे बाद में पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस योजना से न केवल मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

## संकल्प से सिद्धि अभियान: बदलते भारत की गारंटी: अरविंद शर्मा

**सोनीपत**। गोहाना में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया संकल्प से सिद्धि अभियान आज बदलते भारत की मजबूत पहचान बन चुका है। यह अभियान एक वचन है, उन्नति की गारंटी है। शनिवार को सिंचाई विश्राम गृह में भाजपा जिला संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 11 वर्षों के शासनकाल में भारत ने अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय मंचों पर विशेष मजबूती प्राप्त की है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलवाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने में जमीनी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण की बड़ी भूमिका रही है।

## पाकिस्तान के हैकर्स ने हरियाणा की बिजली ठप करने का किया था प्रयास

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

पाकिस्तानी हैकर्स ने हरियाणा की बिजली ठप करने के कई प्रयास किए थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हरियाणा बिजली निगम की ऑपरेशनल साइट्स पर लगातार साइबर हमले किए गए थे। इसका असर यह हुआ कि हरियाणा में 10-10 घंटे बिजली के कट लगाने पड़े। करीब 3 से 4 दिन बिजली निगम का सर्वर बाधित भी रहा। हालांकि बिजली निगम ने पूरा नेटवर्क फेल होने से बचा लिया, लेकिन अधिकारियों को इस समस्या का हल ढूंढने में कई दिन लगे। उधर, यह जानकारी बाहर न आ जाए, इसके लिए बिजली निगम के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई थी। अब इसका खुलासा चंडीगढ में हुई उत्तरी भारत के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में हुआ है। हरियाणा बिजली निगम के अफसरों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मंत्री ने



साइबर हमले रोकने के लिए ठोस नीति बनाने के संकेत दिए हैं। हरियाणा के ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को बताया कि पाकिस्तानी हैकर्स ने 14 मई को हरियाणा की दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ऑपरेशनल वेबसाइट्स को निशाना बनाया। साइट्स पर लगातार हमले किए। इससे हरियाणा में 10-10 घंटे तक के बिजली के कट लगे। बिजली निगम का सर्वर बाधित हो गया। बिजली निगम के सूत्रों का कहना है कि जिस दौरान पाक हैकर्स ने वेबसाइट को निशाना बनाया, उसी दौरान बिजली निगम ने भी कई घंटों के कट लगाए। पूरे सिस्टम को फेल करने का प्रयास पाक हैकर्स ने किया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के आईटी अधिकारी विक्रांत सांगवान ने बताया कि हैकर्स ने कंज्यूमर से जुड़े फीचर्स और इंटरनल सैलरी फीचर के साथ छेड़छाड़ की थी। पब्लिक सर्विस इसके कारण बाधित हुई थी। करीब 1 सप्ताह तक परेशानी आई थी। वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल को इंस्टॉल किया। इसके बाद बिजली कंपनियों की ओर से साइबर हमलों को रोकने के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा कवच के रूप में वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल को इंस्टॉल किया गया। वेब एप्लिकेशन फॉयरवाल एक सुरक्षा उपकरण है, जो साइबर खतरों से बचाता है। यह वेब एप्लिकेशन से आने-जाने वाले डेटा पैकेट की निगरानी, फिल्टरिंग और अवरोध पैदा करता है, जिससे उन्हें साइबर खतरों से बचाया जा सके। बिजली निगम सप्लाई सिस्टम को मैन्युअल बनाया हुआ है, इसलिए हैकर्स इससे छेड़छाड़ नहीं कर सकते।

हां, वेबसाइट को हैक करके उसने परेशानी बढ़ाने का काम किया। मगर, सरकार इससे निपटने के लिए काम कर रही है। चंडीगढ में हुए उत्तरी भारत के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने साइबर हमले रोकने के लिए ठोस साइबर सुरक्षा नीति बनाने के संकेत दिए हैं। कहा कि ऐसे साइबर हमलों को रोकने के लिए ठोस साइबर सुरक्षा नीति बनाने की जरूरत है।

# पौधारोपण से प्रकृति के सुंदरता और पर्यावरण में शुद्धता बढ़ेगी : योगेश शर्मा

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**पानीपत, 07 जून।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में अमृत मित्रा कार्यक्रम के तहत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि योगेश शर्मा रहे। योगेश शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। पेड़ पौधे न सिर्फ आक्सीजन देते हैं, बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगा कर उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इससे प्रकृति के सुंदरता और पर्यावरण में शुद्धता बढ़ेगी। जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला से रसायन वैज्ञानिक डॉ सतीश दहिया ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हटाना' है। प्लास्टिक बैग प्लास्टिक प्रदूषण का एक प्रमुख स्त्रोत हैं, एक प्रकार का कचरा जो हमारे पारिस्थितिकी तंत्र पर कहर बरपा रहा है। यह ग्रह पर मानव जीवन के लिए खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए,



प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। प्लास्टिक बैग पर्यावरण, हवा और पानी को प्रदूषित करते हैं। शहरी आजीविका मिशन से राकेश कादियान सीपीओ व सोनिया कालड़ा कोआर्डिनेटर ने पर्यावरण बारे सेल्फ हेल्प ग्रुप को मेंबर्स को जानकारी दी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डॉ सतविंदर टाया ने बताया कि हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों जैसे- जल एवं पेड़ पौधों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। यदि हम प्रकृति का पोषण कर रहे हैं, तो अपने जीवन का पोषण कर रहे हैं।
हमें पेड़ पौधे लगा कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी लेनी चाहिए। इसके साथ ही हमें जल गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए अपने नल कनेक्शन को गंदे पानी की नाली से बाहर रखना चाहिए, ताकि हमें शुद्ध पेयजल मिल सके। कनिष्ठ अभियंता लवनीश मेहता व वेदपाल ने बताया कि पेड़ पौधे हमें शुद्ध हवा, जल और भोजन प्रदान करते हैं, जिससे हमारा जीवन जीने योग्य बनता है। मुख्य अतिथि ने अमृत मित्रा कार्यक्रम के तहत पौधारोपण की शुरूआत भी की।इस अवसर पर बीआरसी रोशन लाल, होशियार सिंह, वर्षा पांचाल के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद रहे।

## परीक्षा रद्द करवाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 18 मई 2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास) की परीक्षा में गम्भीर अनियमितताओं के विरोध में प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा से 25 प्रश्न और उत्तराखंड की राज्य पात्रता परीक्षा से 10 से अधिक प्रश्न हूबहू कॉपी किए गए। इसके अतिरिक्त कई प्रश्नों में सभी विकल्प गलत थे, हिंदी और अंग्रेजी विकल्पों में भिन्नता पाई गई, और कई परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सील पहले से टूटी हुई मिली। अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि आयोग द्वारा जारी उत्तर कुंजी में भी अनेक त्रुटियां हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अभ्यर्थियों की पूरी बात गंभीरता से सुनी और आश्वस्त किया कि आप निश्चिंत रहें, यह परीक्षा रद्द की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सभी सदस्यों का दुर्घटना बीमा के साथ मेडिक्लेम बीमा भी करवा रहा बीपीकेएम : पवन आश्री



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने दावा किया है कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. ने अपने पत्रकार संगठन से जुड़े समस्त मीडिया पर्सनस के हितों एवं उनके समस्त परिजनों के हितों से जुड़ते हुए जहां 10-10 लाख रुपए की धनराशि का दुर्घटना बीमा करवा दिया है। वहीं ढाई-ढाई लाख रुपए की धनराशि का मेडिक्लेम बीमा भी करवा दिया है। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा भारतीय पत्रकार कल्याण मंच से जुड़े समस्त मीडिया पर्सनस का जो 10-10 लाख रुपए की धनराशि का दुर्घटना बीमा एवं ढाई-ढाई लाख रुपए की धनराशि का मेडिक्लेम बीमा करवाया है वो भारत सरकार की दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से करवाया गया है क्योंकि भगवान ना चाहे जब भी भारतीय पत्रकार कल्याण मंच से जुड़े किसी पत्रकार साथी के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटे या फिर वे किसी प्रकार की दुर्घटना का शिकार बने तो ऐसी परिस्थितियों में मीडिया पर्सनस के परिजनों एवम् मीडिया पर्सनस को भारत सरकार की दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से दुर्घटना बीमा लेने या मेडिक्लेम बीमा पाने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। मंच. के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने जानकारी दी कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा मंच से जुड़े अपने समस्त मीडिया पर्सनस के परिचय पत्र भी लगभग बना दिए गए हैं लेकिन जिन मीडिया पर्सनस ने किसी भी कारण से अपने-अपने सदस्यता फार्म आधे-अधूरे भर कर दिए थे ऐसे मीडिया पर्सनस के परिचय पत्र एवं दुर्घटना बीमा व मेडिक्लेम बीमा उन के संबंधित सदस्यता फार्मों में दी गई आधी-अधूरी जानकारी देने के कारण मजबूरन बन नहीं पाये हैं।

## मलाइका अरोड़ा ने यमुनानगर में किया कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**यमुनानगर, 07 जून।** भारत के सबसे बड़े और भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज यमुनानगर के प्रोफेसर कॉलोनी में अपने नए और भव्य शोरूम का उद्घाटन किया। इसी के साथ कंपनी के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड केनडियर का भी इस नए स्थान पर शुभारंभ हुआ। इस दोहरे लॉन्च का उद्घाटन बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने किया। इस शौरूम में कल्याण ज्वैलर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। इस कार्यक्रम में उत्साही भीड़ उमड़ी, जिसमें बॉलीवुड स्टार की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक और संरक्षक एकत्र हुए। गर्मजोशी से किए गए स्वागत ने शोरूम के लॉन्च को एक भव्य और जीवंत समारोह बना दिया, जो कार्यक्रम के प्रति ग्राहकों के उत्साह और उनकी उम्मीदों को दशार्ता है। नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, यमुनानगर में कल्याण ज्वैलर्स और हमारे लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के ब्रांड न्यू शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेजोड़ इकोसिस्टम बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करे और उनके शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाए। मंच से संबोधित करते हुए मलाइका अरोड़ा ने कहा, कल्याण ज्वैलर्स और केनडियर के इस नए शोरूम के उद्घाटन का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह ब्रांड पारदर्शिता, भरोसे और ग्राहक सेवा की जो मिसाल पेश करता है, वह काबिले-तारीफ है। मुझे विश्वास है कि यमुनानगर के ग्राहक इस नए शोरूम को गर्मजोशी से अपनाएंगे और यहां के शानदार कलेक्शन्स को पसंद करेंगे। लॉन्च का जश्न मनाते हुए कल्याण ज्वैलर्स ने हर 10 ग्राम सोने की खरीद पर 0.5 ग्राम सोना बिल्कुल मुफ्त देने की घोषणा की है। कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट- बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत- इन आभूषण खरीद पर भी लागू होगा। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं।

# किसानों को अब फसली कर्जे पर ब्याज नहीं देना होगा, बैंक ने दी किसानों को राहतः गोठड़ा

### पहले वसूला गया ब्याज भी लौटाने के आदेश, 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया गया था

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 07 जून।** दी लोहारू बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के चेयरमैन पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एवं अधिवक्ता करण सिंह गोठड़ा ने कहां की बैंक ने किसानों को एक बड़ा तोहफा दिया है तथा सरकार ने नए आदेश जारी कर कहा है कि किसी भी एमपीएक्स सदस्य (सहकारी समिति से ऋण लेने वाले किसान) से ब्याज नहीं लिया जाएगा। अगर किसी का ब्याज लिया गया है तो उसे तुरंत बहाल किया जाए। किसान से केवल मूल राशि ही



वसूली जाएगी, वह भी बिना ब्याज के। लोहारू बैंक के चेयरमैन करण सिंह गोठड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा नया आदेश जारी किए जाने तक बिना ब्याज के वसूली की जाएगी यानि फिलहाल फसल ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त होगा।

**किसानों को क्यों दिया जाता है ऋणः**
बैंक द्वारा फसल उगाने से पहले किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, ट्रैक्टर का किराया और सिंचाई के साथ-साथ कई अन्य खर्च उठाने होते हैं। सरकार इन खर्चों को पूरा करने के लिए "फसल ऋण" देती है। इस ऋण की वापसी अवधि बहुत कम है। किसान फसल कटने के बाद इसे चुकाते हैं। इसका उद्देश्य किसानों को ब्याज के बोझ से मुक्त करना है और खेती में उनका सहयोग करना है।

**किसानों को क्या मिलेगा फायदाः**
इस निर्णय से किसानों का आर्थिक तनाव कम होगा क्योंकि उत्साहहीन किसान बस वही राशि चुकाता है जो उसने हड़पी थी। इससे खेती में आत्मविश्वास बढ़ने से आम लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा वहीं ब्याज मुक्त ऋण मिलने से किसान अगली फसल की तैयारी में आत्मनिर्भर बन जाएगा जिससे किसान को मानसिक राहत भी मिलेगी।

# मक्का मस्जिद मल्लापुर में ईद-उल-अजहा की नमाज अता की गई

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 07 जून।** ईद-उल-अजहा ईद की नमाज अदा करने के लिए सैकड़ो की संख्या मे रंग बिरंगी पोशाक व टोपियाँ पहनकर छोटे-बडे बुढे और जवान सुबह 7-00 बजे से पहले ही आस-पास के गांव जाखोद खेड़ा, लाडवी, मात्रश्याम, मिंगनी खेडा, सलेमगढ़, दुर्जनपुर, झिडी, ढंढुर आदि से मक्का मस्जिद गांव मल्लापुर (हिसार) में पहुँच गए तद उपरान्त ईमाम तारिक अहमद ने कुबार्नी के बारे में बिस्तार से बयान किया और 8:00 बजे ईद की नमाज



अदा की गई इसके बाद देश दुनिया में अमन-शान्ती भाई-चारे सुख-समृद्धी के लिए दुआयें की।
मस्जिद वेल्फेयर कमेटी के प्रधान ताज मोहम्मद ने ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी और समाज के सभी साथियों से अपील कि की सौहार्द व भाई चारा बिगाडने वाले असमाजिक तत्वों से बचे और अमन शान्ति प्यार मोहबत बनाए रखे यही सच्ची कुबार्नी है। इस मौके पर मास्टर सुतार दीन,छेलु दीन,नूर मोहम्मद,लाल दीन,शरीफ दीन, फिरोज खान, सुबे दीन, शाबर दीन, ईदु दीन, आमीन दीन, मोबीन दीन, इकबाल, रजाक, नुर दीन, अकबर, मेहर दीन, शौकीन, सलामु दीन, सजाऊ दीन, चिराग दीन, सलाऊ दीन, लीलु दीन, सलीम, अनवर, गुलफाम, युसुफ, हनीफ, हबीब, अजरू दीन आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे ।

# फिनिक्स क्लब ने मेंदांता फाऊंडेशन ओपीडी सेंटर में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब द्वारा शनिवार को गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र में स्थित मेंदांता फाऊंडेशन ओपीडी सेंटर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खेहरा गोल्डी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

इस मौके पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खेहरा गोल्डी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में मेदांता फाउंडेशन ओपीडी केंद्र में कुरुक्षेत्र निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ऐसे में इन सुविधाओं का सभी को लाभ



लेना चाहिए। उन्होंने इस शिविर के आयोजन को लेकर फिनिक्स क्लब की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि फिनिक्स क्लब हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रही है। सही मायनों में समाज की सेवा कर उत्कृष्ट सामाजिक संस्था होने का दायित्व भी फिनिक्स क्लब निभा रही है। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने कहा कि आमजन हेतु ऐसे शिविरों का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। फीनिक्स क्लब के प्रधान डॉ. राजेश वधवा, सचिव अंशुल जसूजा, कोषाध्यक्ष मनोज परूथी ने बताया कि इस कैंप में मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा 100 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

शिविर में ईको, ईसीजी, टी.एम.टी., पी.एफ.टी., डिजिटल एक्स-रे सुविधाएं, पैथोलॉजी सेवाएँ, डेंटल (स्केलिंग) बीपी, शुगर जैसी सुविधाएं डॉक्टरों के परामर्श अनुसार निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि भविष्य के भी फिनिक्स क्लब द्वारा लगातार जनहित कार्य जारी रहेंगे। इस मौके पर अशोक अरोड़ा, जगदीश चोपड़ा, गगन कोहली, विजय नरूला, संजीव सीकरी, ललित माटा, पंकज अरोड़ा, रामपाल शर्मा, विशाल मदान, अश्वनी अरोड़ा, विजेश एहलावादी, अमित अरोड़ा, धीरज गुलाटी, अरुण गुप्ता, देवेन भाटिया, डॉक्टर नीरज झांभ, डॉक्टर प्रदीप विधान, जितेंद्र मेहता, डॉक्टर जेपी केसरी, विनीत अग्रवाल, कीर्ति खोसला, नरेश सिंगला, प्रदीप झांब, रेणु खुग्गर, सोनिका वधवा, आशी जसूजा, एना मदान, लक्ष्मी अरोड़ा, समीना चिब, मानसी परूथी, शीतू गुप्ता, आशिमा गुलाटी, सविता अरोड़ा, शशि एहलावादी, ज्योति खोसला आदि भी मौजूद रहे।

# सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का केंद्र हमारे धार्मिक स्थल : कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

### गांव बाडोपट्टी में राधा-कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में की शिरकत, 11 लाख रुपये देने की घोषणा

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 07 जून।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज गांव बाडोपट्टी में श्रद्धा और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी। इस अवसर पर ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन की प्रक्रिया पूरी की गई।
कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने इस शुभ अवसर पर भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर केवल ईश्वर भक्ति का स्थान नहीं होता, बल्कि वह सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी केंद्र होता है।



उन्होंने कहा कि राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण न केवल गांववासियों की धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि आने वाली पीढियों को भी आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि गांवों में धार्मिक स्थल सामाजिक जीवन की धुरी होते हैं, जहां लोग न केवल पूजा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे से संवाद कर सामाजिक एकता को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मंदिर निर्माण के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे हैं। गंगवा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना से मंदिर निर्माण में सहयोग करें और इसे एक प्रेरणादायी स्थान बनाएं। इस मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों, ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने मंत्री का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि यह मंदिर पूरे क्षेत्र के लिए एक नई सांस्कृतिक दिशा का प्रतीक बनेगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गांव अड्डोनी में हुआ चौथा सालाना मेला, साईं गुलाम शाह दरबार में रही भारी भीड़



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** साईं गुलाम शाह दरबार के मुख्य सेवादार पंकज साईं ने बताया कि चौथा सालाना मेला हर्षोल्लास के बीच सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशाल भंडारा व रात को मेहंदी रस्म की गई। विशाल जागरण में नकोदर दरबार से फकीर देव साईं, साईं गुलाम शाह दरबार गांव अड्डोनी में पहुंचे और महफिल सजाई गई। जिसमें गांव व आस पास के अन्य गांवों के भारी संख्या में लोग शामिल हुए। जागरण में मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना व गोताखोर प्रगट सिंह रहे। सभी पूरी रात साईं गुलाम शाह का गुणगान किया।

## भारतीय संस्कारों का पूरी दुनिया कर रही है अनुसरण : देवीलाल बारना



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** शहीद सुरेंद्र कुमार पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बारना मे ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे शनिवार को उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर शिक्षक राजबीर सिंह व शशी भूषण शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए देवीलाल बारना ने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया मे सबसे महान संस्कृति है। यहां वह कल्चर है जब बच्चा छोटा होता है तो माता पिता उसकी संभाल करते हैं और जब बच्चा बड़ा होता है व माता पिता बुजुर्ग हो जाते हैं तो वह अपने माता पिता की बच्चों की तरह संभाल करता है। इस प्रकार से भारतीय संस्कृति का कोई मुकाबला नही। हमे अपनी संस्कृति का अनुसरण करते हुए जीवन मे अपनाना चाहिए ताकि ऋषि मुनियों के इस देश मे प्यार मुहब्बत बनी रहे। इस दौरान उन्होने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मे भी विस्तार से बताया और कुरुक्षेत्र जिला के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ट्राइडेंट ने "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" थीम के साथ प्रभावशाली गतिविधियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 07 जून।** ट्राइडेंट लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को वैश्विक थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" के तहत मनाकर सतत विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कंपनी ने बरनाला जिले और अपनी धौला प्लांट परिसर में प्रभावशाली जागरूकता और संरक्षण गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिससे सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिला और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संदेश दिया गया।
प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से, ट्राइडेंट के स्वयंसेवकों ने सब्जी मंडी, कचहरी चौक, शहीद भगत सिंह पार्क, कुष्ठ आश्रम और चिंटू पार्क सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पुनः उपयोग योग्य कपड़े के थैले वितरित किए। इन थैलों के साथ-साथ इन स्थलों पर आयोजित इंटरएक्टिव जागरूकता सत्रों का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना है।
धौला परिसर में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जो ट्राइडेंट की दीर्घकालिक पर्यावरणीय दृष्टि को दशार्ता है। प्लास्टिक-मुक्त कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य कांच की बोतलें वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त, बरनाला की वरिष्ठ नागरिक समिति में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों और आमंत्रित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के महत्व पर अपने मूल्यवान विचार साझा किए।

## गांव में अतिक्रमण हटाने व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें पंचायतें : एसडीएम अनिल कुमार यादव

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**महेंद्रगढ़, 07 जून।** एसडीएम अनिल कुमार यादव ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में महेंद्रगढ़ खंड के सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक लेकर सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम अनिल कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम से पहले सभी गांवों में नालों की सफाई करवाई जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा ना हो। इसके अलावा गांव में सफाई कर्मियों या मनरेगा के माध्यम से समय-समय पर सफाई करवाई जाए ताकि गांव में सफाई व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों में ग्रामीणों द्वारा नालियों व गलियों में किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर रास्तों को चौड़ा करवाने का काम करें ताकि ग्रामीणों को खुले रास्ते मिल सके।

एसडीएम ने कहा कि सरपंच व ग्राम सचिव एकजुट होकर ग्रामीणों को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक करें ताकि गांव का प्रत्येक नागरिक सफाई व्यवस्था से जुड़े। उन्होंने कहा कि गांव की खाली पड़ी पंचायती भूमि पर अधिक से अधिक पेड़ लगाकर सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। ताकि हमारे आने वाली पीढियां को गांव में एक अच्छा वातावरण मिल सके। बैठक में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न गांवों से आए सरपंच हुए ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

## धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड झ भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।
स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है।
बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 07 जून।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 28 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया।
यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है।
चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए।
जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था।
यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 से हुई है। जुलाई 2024 में हैदराबाद में एक उल्लंघनकर्ता ई राजेश के गोदाम से नकली कीटनाशकों की खोज के बाद।
आगे की जांच में कई राज्यों में चेचानी के खिलाफ दर्ज कई आपराधिक मामलों का पता चला है, जो उसके ऑपरेशन की व्यापक पहुंच और बार-बार किए गए अपराधों को उजागर करता है।

## दिनकर बोहरा का निधन समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति : कंवर सिंह यादव



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**महेंद्रगढ़, 07 जून।** श्री रामलीला परिषद के प्रधान स्व. दिनकर बोहरा की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा उनके आवास पर आयोजित की गई। इलाके के सैकड़ों गणमान्यजनों ने उनकी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक कंवर सिंह यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिनकर बोहरा का निधन समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनके साथ राजनीतिक जीवन के काम करते हुए उनको बहुत नजदीक से देखा था। वे बहुत कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदारी से समाज में अपनी भूमिका निभाते थे। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने स्व. दिनकर बोहरा को याद करते हुए कहा कि दिनकर बोहरा का पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। उन्होंने पूरा जीवन समाज में संघर्ष करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। श्री गौड़ सभा के प्रधान राकेश मेहता, ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश वैध, व्यापारी नेता नरेश गोयल, भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया, कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक, एबीवीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री सहित अनेक लोगों ने उनको शब्दों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चेतनप्रकाश गौड़, सीबी दीक्षित, सुशील बिढ़ाट, मधुकर वशिष्ठ, हितेन्द्र बोहरा, आशु बोहरा, करुणाकर बोहरा, रामचन्द्र जांगड़ा, राजेन्द्र पोपली, नरेश जोशी, सूर्यप्रकाश कौशिक, अरुण कौशिक, रमेश बोहरा, श्रीमोहन वशिष्ठ, अतुल दीवान, सुनील यादव, प्रवीण दीवान, मामन गोस्वामी, विनोद पेट्रोल पम्प, मुकेश मेहता, राजेश बोहरा सहित सैंकड़ों गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# प्रकाश पर्व समागम में श्री अखंड पाठ साहिब के पाए मध्य भोग, भारी तादाद में पहुंची संगत ने नवाया शीश

### दस्तार सजाने का दिया प्रशिक्षण, बच्चों व युवाओं ने सीखे गुर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** धर्मनगरी में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व के दूसरे दिन भी भारी गिनती में संगत ने गुरु साहिब के समक्ष शीश नवाया। शनिवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के मध्य भोग पाए गए।
इस दौरान भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में सरबत के भले हेतु अरदास की। समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, प्रधान के कार्यालय पीए एवं एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा, नरेंद्र सिंह, अस्सिटैंट सैकेटरी अमरिंदर सिंह, गुरुद्वारा निरीक्षण शाखा प्रभारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत संगत ने शीश नवाया। उधर, समागम के दौरान दस्तार कोच सिमरनजीत सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर बच्चों व युवाओं को दस्तार सजाने के गुर दिए। उन्होंने बच्चों को दस्तार के महत्व की जानकारी दी और उन्हें दस्तार सजाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा संगत द्वारा गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी एवं जलजीरे की छबील भी लगाई, जबकि लंगर में संगत के सहयोग से अलग-अलग पकवान बनाए गए। एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर ने बताया कि 8 जून को पहली लड़ी संपन्न होगी और इसके बाद दूसरी लड़ी का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि 11 जून को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समागम के समापन पर 12 जून को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही सातवीं में अमृत संचार भी कराया जाएगा।

# विधानसभा समिति ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 07 जून।** हरियाणा विधानसभा की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विषयक समिति ने शनिवार को जिले का दौरा किया और सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण किया।
इससे पूर्व समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय में भी आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आमजन को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरपर्सन व मुख्य सचेतक राम कुमार कश्यप ने की। इस बैठक में समिति के सदस्य हिसार विधायक सावित्री जिंदल, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, रेणु बाला गुप्ता, इंदु राज सिंह नरवाल, देवेंद्र हंस ने भाग लिया। प्रारंभ में उपायुक्त कार्यालय में समिति की अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक मनीष बंसल व उपायुक्त अनीश यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला में उपलब्ध स्वास्थ्य संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गई। बैठक में चेयरपर्सन राम कुमार कश्यप ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उचित इलाज, दवाइयां और जांच सुविधाएं सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन का सरकारी अस्पतालों पर विश्वास बना रहे। समिति ने बैठक उपरांत सिविल अस्पताल का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की ओपीडी, पंचकर्म, आयुष, इमरजेंसी वार्ड, पैथोलॉजी लैब, महिला वार्ड, आपातकालीन सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर आदि का दौरा किया गया। समिति ने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था, मरीजों की कतार, दवा वितरण काउंटर और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियों की ओर समिति सदस्यों ने ध्यान दिलाया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विशेष रूप से कुछ तकनीकी उपकरणों की अनुपलब्धता और स्टाफ की कमी के मुद्दे उठाए गए, जिन पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। समिति के सदस्यों ने मरीजों से भी सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं जानीं। मरीजों ने दवाइयों की कमी, लंबी प्रतीक्षा समय और कुछ सेवाओं में विलंब जैसे मुद्दे उठाए। समिति ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने को कहा। बैठक में यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा नए जिला नागरिक अस्पताल के निर्माण हेतु 21 एकड़ 3 कनाल 16 मरला भूमि डीसीएम रोड पर प्रस्तावित की गई है। यह प्रस्ताव पशुपालन विभाग की जमीन पर है, जिसे हस्तांतरित करने की प्रक्रिया गतिमान है। प्रस्तावित अस्पताल के निर्माण से हिसार जिले को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। बैठक के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने समिति को बताया कि जिला प्रशासन नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की विभिन्न आवश्यकताओं की पहचान कर संबंधित विभागों को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि नए सिविल अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि स्थानांतरण प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे भविष्य में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन को उपलब्ध होंगी। चेयरपर्सन राम कुमार कश्यप ने समिति सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि समिति की यह यात्रा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जमीनी सुधार लाने के लिए है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निरीक्षण की रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत कर राज्य सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के और सुधार हेतु सुझाव दिए जाएंगे। इस दौरान एसडीएम ज्योति मित्तल, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डिप्टी सीएमओ डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ तरुण, डॉ अनामिका बिश्नोई, रीना जैन, डॉ सुखबीर वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र के घर-घर जाकर पीले चावल देकर योग महाकुंभ के लिए दिया जाएगा निमंत्रण : डा.जयदीप आर्य

### पतंजलि योगपीठ की तरफ से 500 योग साधक पहुंचेंगे घर-घर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कहा कि प्राचीन परम्परा को जहन में रखते हुए कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जाएगा। इस निमंत्रण के साथ प्रत्येक नागरिक को शुभ कार्य के प्रतीक के रूप में पीले चावल भी दिए जाएंगे। अहम पहलू यह है कि पतंजलि योगपीठ के योग साधकों द्वारा इस कार्य को पूरा किया जाएगा। इस कार्य के लिए पतंजलि योगपीठ के 500 से ज्यादा योग साधक इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा को 21 जून के बाद योग की पावन धरा के रूप में भी जाना जाएगा। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में राज्य स्तरीय योग महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस योग महाकुंभ में एक लाख योग साधक योग की डुबकी लगाएंगे। इस महाकुंभ को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के प्रयास भी सभी मिलकर करेंगे। इस बार कुरुक्षेत्र के एक-एक घर में पहुंच कर लोगों को योग महाकुंभ के लिए निमंत्रण देने के संकल्प को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ के योग साधकों ने संकल्प लिया है कि कुरुक्षेत्र के घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। इसके लिए पतंजलि योगपीठ के 500 योग साधक भी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंच चुके है। इतना ही नहीं 200 से ज्यादा योग साधकों ने शाहबाद, लाडवा और इस्माईलाबाद में घर-घर जाकर निमंत्रण देने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह योग साधक शुभ कार्य के प्रतीक पीले चावल भी लोगों को दे रहे है। इस योगपीठ ने लक्ष्य तय किया है कि कुरुक्षेत्र से 40 हजार से ज्यादा लोगों को पतंजलि योगपीठ के माध्यम से योग दिवस के लिए आमंत्रित किया जाए।

**कुरुक्षेत्र के 400 गांव में लोगों को योग का देंगे प्रशिक्षण**

चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कहा कि पतंजलि योगपीठ की तरफ से कुरुक्षेत्र के 400 गांव और शहरों के वार्डों में लोगों को योगा का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी नागरिक प्रशिक्षित होकर ही योग करे। इसके लिए पतंजलि योगपीठ की तरफ से हर गांव व वार्ड में योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे और पूरे हरियाणा से योग प्रशिक्षक कुरुक्षेत्र पहुंच चुके है।

# साईं बाबा की मूर्ति स्थापना दिवस समारोह 9 को



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** श्री दुर्गा देवी मदिर पिपली के पीठाधीश और मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य व वास्तु महर्षि डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि साईं बाबा की मूर्ति स्थापना 9 जून 2011 को हुई थी इसलिए साईं बाबा की मूर्ति स्थापना का 14 वॉ वार्षिक महोत्सव 9 जून 2025 को भक्ति भावना से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में सोमवार को प्रातः 10 बजे यज्ञ ,आरती और भक्तों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के प्रांगण में आयोजित होगा। पुजारी पण्डित राहुल मिश्रा वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना और यज्ञ करवाएंगे। सायंकाल 3: 30 बजे से आयोजित साईं संध्या में कुरुक्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक बब्बू चावला एवं पार्टी साईं बाबा की भेंटे सुनाएंगे। सभी श्रद्धालु भक्तों को साईं बाबा की मूर्ति स्थापना के 14वें वार्षिक दिवस की अग्रिम बहुत - बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी। समाजसेवी केवल कृष्ण छाबड़ा और पवन छाबड़ा अपने परिवार सहित विशेष पूजा अर्चना करेंगे। आप सभी अपने मित्रों और परिवार सहित सादर आमंत्रित है। आप सभी साईं बाबा और मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर पुण्य के भागी बने। इस शुभ अवसर पर भक्त सुशील तलवाड़, ऊषा सैनी, आरती गुप्ता, जोगन देवी,सरोज शर्मा और बिमला देवी आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 07 जून।** खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 8 जून को सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 6 जून को विभिन्न स्थानों पर खंड स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता किया गया।
यह जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि खंड स्तर पर विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित योगासन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 8 जून को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
उन्होंने बताया कि समस्त खिलाड़ी अपने-अपने प्रतियोगिता स्थल पर सुबह 8 बजे अपना आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं।

## बढ़ती गर्मी में सतर्कता जरूरी: लू से बचाव के लिए अपनाएं घरेलू उपाय

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 07 जून।** देशभर में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और तापमान कई स्थानों पर 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। ऐसे में लू (हीट स्ट्रोक) का खतरा तेजी से बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आमजन से अपील की है कि वे गर्मी में विशेष सावधानी बरतें और आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों को अपनाकर स्वयं को सुरक्षित रखें। लू एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जो शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर उत्पन्न होती है। अधिक समय तक गर्म वातावरण में रहने और पर्याप्त जल सेवन न करने से यह स्थिति उत्पन्न होती है। इसके लक्षणों में तेज सिरदर्द, चक्कर आना, त्वचा का लाल और गर्म हो जाना, तेज नाड़ी, उल्टी, कमजोरी और यहां तक कि बेहोशी भी शामिल है।

**लू से बचाव के लिए क्या करें**

दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लें, हल्के, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें, छाता, टोपी या गमछा का प्रयोग करें, घर से निकलने से पूर्व हल्का भोजन करें, नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ आदि का सेवन करें, शरीर को ठंडा और ढका रखें।

**लू से बचाव के लिए क्या न करें**

दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में बाहर न निकलें, गहरे रंग, तंग और सिंथेटिक कपड़े न पहनें, बिना सिर ढके तेज धूप में न निकलें, खाली पेट या भारी भोजन के बाद बाहर न जाएं, कैफीन, शराब या बहुत मीठे पेयों से बचें, अत्यधिक शारीरिक परिश्रम से बचें।

**स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह:**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुकेश राणा का कहना है कि, "लू लगना सिर्फ एक मौसमी परेशानी नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है, जो समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा हो सकता है। शरीर को हाइड्रेट रखना और तेज धूप में जाने से बचना इसका सबसे बड़ा बचाव है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं अधिक संवेदनशील होती हैं, अतः इनका विशेष ध्यान रखें। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, अत्यधिक पसीना, उल्टी, या बेहोशी जैसा अनुभव हो, तो उसे तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाएं, ठंडा पानी दें और शीघ्र ही चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

## स्पीकर आज सुनेंगे घरौंडा में लोगों की समस्याएं

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया
करनाल, 07 जून। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को सुबह 11.30 से 1.30 तक घरौंडा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।
इससे पहले वे सुबह 9.30 बजे पीएचसी घरौंडा में हेल्थ यूनिट के भवन का शिलान्यास करेंगे, 10 बजे पुरानी तहसील के पास चिल्ड्रन पार्क का शिलान्यास व 10.30 बजे वार्ड नंबर 17 अशोका कॉलोनी घरौंडा में रघुवंश सैनी चौपाल का शिलान्यास करेंगे।

## 21 को योग दिवस कार्यक्रम में लें बढ़-चढकर हिस्सा-उत्तम

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 07 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिलावासियों से आह्वान किया है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने कहा कि योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से निरोग रखता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। योग दिवस को लेकर जिला स्तर पर तैयारियां जारी हैं। विभिन्न विभागों द्वारा योग प्रोटोकोल का अभ्यास भी कराया जा रहा है। इस प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं का समावेश किया गया है। हर आयु वर्ग के व्यक्ति इस आसान क्रियाओं को कुछ सावधानियों के साथ आसानी से कर सकते हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्हीं के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, 11 दिसम्बर 2014 को भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों के समर्थन के साथ स्वीकार कर लिया गया और 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस क्रम में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। करनाल में भी जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लें और योग की अलख जगाएं।
उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है। योग को भारत ने विश्व को दिया है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग का प्रचार-प्रसार किया। आज विश्व भर के लोग योग कर रहे हैं और योगासनों का लाभ उठा रहे हैं। योग करने से शारीरिक रूप से तो स्वस्थ होते हैं हीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका बेहतर प्रभाव डालता है। 21 जून के कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग द्वारा तैयारियां शुरू की गई हैं। निरंतर योग अभ्यास किए जा रहे हैं। योग से न केवल स्वयं का बल्कि पूरे समाज का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि योग कला के साथ-साथ एक विज्ञान भी है। निरंतर योग करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए।

# चिड़ियाघर पर भी निजी क्षेत्र का कब्जा !

खबर है कि दिल्ली चिड़ियाघर को जल्द ही निजी हाथों के जिम्मे सौंपा जा सकता है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के बीच इस संदर्भ में कई बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें गुजरात के जामनगर में स्थित वनतारा परियोजना की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को आधुनिक रूप देने की योजना पर चर्चा हुई है। नई योजना के तहत चिड़ियाघर में वन्यजीवों को उनकी प्राकृतिक जीवनशैली के करीब वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिनमें वातानुकूलित चिकित्सा केंद्र, आधुनिक पुनर्वास केंद्र आदि शामिल होंगे। जानवरों को खुले जंगल जैसी आजादी देने की भी योजना है ताकि वे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुसार जीवन बिता सकें।

जानवरों को बेहतर परिस्थितियों में रखना, उनके इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था और लुप्तप्राय प्राणियों के संरक्षण का प्रयास, यह सब सुनने में काफी अच्छा लगता है। मगर गौर करें तो इसमें निजीकरण का बड़ा षड्यंत्र दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 214 एकड़ में फैला दिल्ली चिड़ियाघर एशिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में से एक है। यहां अलग-अलग महाद्वीपों से लाए गए पशु- पक्षियों की लगभग 22 हजार प्रजातियां और 200 प्रकार के पेड़ हैं। एक पुस्तकालय भी है, जहां वन्यजीव, जैव विविधता आदि पर ढेरों पुस्तकें हैं।

कहने का आशय यह कि इतने उम्दा चिड़ियाघर को और बेहतर बनाने की मंशा अगर सरकार की है तो उसके लिए दीर्घकालिक योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से उसे लागू किया जा सकता है। अब तक जिस तरह वन्य जनजीवन पर पूरी तरह सरकार का नियंत्रण रखकर संरक्षण-संवर्धन किया जाता रहा है, वही सिलसिला जारी रखने में आखिर अब क्यों अड़चन आ रही है, क्यों चिड़ियाघर के आधुनिकीकरण के नाम पर निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं। इसका जवाब सरकार अच्छे से जानती है, लेकिन शायद कार्पोरेट पूंजी का दबाव इतना बढ़ चुका है कि अब सरकार के लिए किसी भी बात पर ना कहना संभव नहीं रहा। पूंजीवाद का मुंह सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा है और इसमें जितने भी निवाले चले जाएं, सब कम ही पड़ेंगे। तीन-चार दशक पहले जब बोतलबंद पानी की बिक्री शुरू हुई तो सवाल उठे थे कि प्रकृति की इस अनुपम देन पर सौदेबाजी कैसे की जा सकती है, क्या कल को हवा भी बिकेगी। और देखिए कि अब पानी भी बिकता है, प्राणवायु यानी ऑक्सीजन भी बिकती है, इसे न्यू नॉर्मल मान लिया गया है। छत्तीसगढ़ में नदी और तालाब बिकते सबने देखा है। निजीकरण का दायरा बढ़ता गया तो विमानतल, रेलवे, दूरसंचार, खनिज संपदा से भरी खदानें, बंदरगाह, सब बिक गए।

शिक्षा और स्वास्थ्य तो पहले ही निजी हाथों के हवाले हो चुके हैं। एक तरह से देखा जाए तो मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं, बुनियादी सुविधाओं से लेकर जीवन को बेहतर बनाने वाले हर क्षेत्र में व्यापार का शिकंजा कस गया। यह सब अकेले कारोबारियों के बस की बात नहीं थी, अगर ऐसा तो पुराने जमाने में सेठ-साहूकार ही सरकार चलाते। लेकिन जब तक लोकतंत्र और सत्ता का इकबाल बुलंद था, तब तक कारोबारियों, उद्योगपतियों को मुनाफाखोरी की खुली छूट नहीं मिली थी। उन्हें अपनी पीठ पर हाथ रखने की इजाजत न किसी प्रधानमंत्री ने दी, न किसी मुख्यमंत्री ने दी। लेकिन अब यह सब पूरी निर्लज्जता के साथ होता है। अब सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का भूमिपूजन या शिलान्यास प्रधानमंत्री करते हैं, और जनता को बताते हैं कि आपको सौगात दे रहा हूं। उसके बाद वह बना या नहीं बना, इसकी चर्चा नहीं होती। सौगात सरकारी फाइलों में बंद हो जाती है। लेकिन निजी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का उद्घाटन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों के हाथ होता है और समाज सवाल भी नहीं करता कि इनकी मुनाफाखोरी में आप हिस्सेदार हैं या नहीं, क्योंकि आखिर उसे पढ़ने, इलाज करने, आवागमन, वातार्लाप करने सबके लिए निजी क्षेत्रों पर निर्भर रहने की मजबूरी हो गई है। जबकि इन बुनियादी सुविधाओं के लिए वह भारी शुल्क अदा करता है और सरकार को कर चुकाता है, वह अलग।

जब इंसानी जिंदगी के नाम पर इतना मुनाफा निजी क्षेत्र कमा रहे हैं, तो फिर जल, जंगल, जमीन, जानवर क्यों बख्शे जाएं।

लिहाजा अब दिल्ली चिड़ियाघर के निजीकरण की सुगबुगाहट चल रही है। अगर यह योजना वाकई सफल हो जाती है, तो दिल्ली के पुराना किले के पास की इतनी बड़ी जमीन पर मनमाने खेल करने की छूट उस कंपनी को मिल जाएगी, जिसके पास चिड़ियाघर का मालिकाना हक हो जाएगा।

जामनगर में बना वनतारा बनने की हकीकत तो देश देख ही चुका है। खुद प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन कर आए। प्राणिविशेषज्ञ सवाल करते रह गए कि किस तरह दुनिया भर के वन्यजीवों को इस तरह लाने और निजी जंगल में पालने की अनुमति दी गई। बीमार जानवरों की देखभाल की आड़ में अगर कोई अवैध कारोबार हो रहा होगा, तो उसकी जवाबदेही कैसे तय होगी, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। जानवरों की खाल, नाखून, सींगों समेत उनके अंदरूनी अंगों की वैश्विक बाजार में बड़ी मांग है। दवा, वस्त्र, सौंदर्यप्रसाधन आदि में इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में क्या गारंटी है कि पशु संरक्षण की आड़ में अवैध कारोबार नहीं होता, न आगे होगा। वनतारा के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री पहुंचे तो फिल्म, खेल और मीडिया जगत के तथाकथित सितारों ने भी इसकी तारीफ की। उनसे पूछा जाना चाहिए कि आप किस हैसियत से निजी जंगल और वहां पल रहे जानवरों की हिमायत कर सकते हैं, क्या वे वन्यजीव संरक्षण के जानकार हैं। अगर नहीं तो फिर इस प्रचार से उन्हें कौन सा लाभ मिल रहा है, यह पूछा जाना चाहिए।

वनतारा की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को विकसित करने की खबर सावधान करने के लिए काफी है कि निजीकरण कैसे केवल इंसानों नहीं बल्कि प्रकृति को भी अपनी जद में लेता जा रहा है। फिलहाल लोकतंत्र में आवाज उठाने के लिए कुछ स्वतंत्र मंच बचे हैं, लेकिन कहीं चिड़ियाघर के बाद इन मंचों की भी बारी आ गई तब क्या होगा, यह सोचकर ही डर लगता है।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना

– ललित गर्ग –

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।



क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है। बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। इस परिदृश्य में, बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियाँ, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक उत्सव, खेल आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में लाखों लोग जुटते हैं। ऐसे आयोजनों के लिये पुलिस, होम गार्ड, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जाता है। विश्व के विभिन्न विकसित देशों में भीड़ प्रबंधन के लिये अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। जापान जैसे देशों में रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्यधिक भीड़ के प्रबंधन के लिये ऑटोमेटेड एंट्री और एग्जिट सिस्टम स्थापित किये गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों में स्टेडियमों, एयरपोर्ट्स एवं धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिये एआई आधारित कैमरे, आपातकालीन अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं। हालाँकि भारत में बड़े आयोजनों के लिये प्रशासनिक तैयारियाँ की जाती हैं, फिर भी समय-समय पर कई कमियाँ उजागर होती रही हैं। लेकिन आरसीबी के चिन्नास्वामी स्टेडियम के जश्न के दौरान खामियां ही खामियां देखने को मिली। ऐसे बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन कोई आसान कार्य नहीं है। लाखों लोगों को नियंत्रित करने के लिये ठोस रणनीति, प्रशासनिक कौशल और अत्याधुनिक तकनीक की आवश्यकता होती है, जिसका इस आयोजन में सर्वथा अभाव रहा। आखिर इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषी लोगों को कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए।


**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**


# विदेश नीति में नाकामी के कुछ और उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी भारत की विदेश नीति और विदेशों में भारत की साख को बचाने में किस कदर नाकाम हो चुके हैं, इसके कुछ और उदाहरण सामने आए हैं। एशियाई विकास बैंक या एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 668 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान को ये रुपये राजकोषीय स्थिति को बेहतर करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दिए जा रहे हैं। पाकिस्तान में एडीबी की डायरेक्टर एम्मा फैन ने कहा कि पाकिस्तान ने मैक्रोइकोनॉमिक परिस्थितियों में सुधार के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

एडीबी का यह फैसला तब आया है जब दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से अपने आधिकारिक निवास पर मुलाकात की थी और इस बारे में सोशल मीडिया पर लिखा था कि- मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं। वहीं मसातो कांडा ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साहसिक बताते हुए लिखा था कि हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में थर्ड पार्टी कैपिटल सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। दो दिन पहले ऐसी खबरें देख कर भ्रम हो सकता था कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हमारी बात नहीं सुनी, कम से कम एशियाई विकास बैंक भारत के साथ खड़ा रहेगा और पाकिस्तान को वित्तीय मदद नहीं देगा। लेकिन यहां फिर भारत की कूटनीति बुरी तरह नाकाम दिखी। श्री मोदी से मिलकर भले ही भारत में निवेश की बातें हुई हों, लेकिन इसके फौरन बाद पाकिस्तान को भी बड़ी मदद देकर एडीबी ने बता दिया कि उसका रवैया भी वही है जो पश्चिमी देशों और संस्थाओं का है। पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी एडीबी अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात कर अपील की थी कि पाकिस्तान की मदद न की जाए, क्योंकि वह आतंकवाद का पोषण करता है। इसके अलावा भारत कोशिश कर रहा है कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स में पाकिस्तान का नाम ग्रे सूची में डलवाया जाए, इसके लिए यूरोपीय देशों को साथ लाने की कोशिश हो रही है। अब इसमें भारत कामयाब होता है या नहीं, ये कहा नहीं जा सकता। लेकिन पहले आईएमएफ और अब एडीबी के फैसलों ने भारत की कोशिश को झटका तो दे ही दिया है। वहीं पाकिस्तान अब अमेरिका, रूस, चीन तमाम बड़ी शक्तियों का करीबी बनने की कोशिश में लगा है। अमेरिका और चीन तो पहले ही भारत के ऊपर पाकिस्तान को तवज्जो दे सकते हैं, अगर रूस में पाकिस्तान अपने लिए जगह बना लेता है, तब भारत की साख पर जो बट्टा लग सकता है, उसका अंदाज सरकार को कर लेना चाहिए। हालांकि मौजूदा रवैया देखकर लगता नहीं कि सरकार को कूटनीति या विदेश नीति की कोई परवाह है। पाठक जानते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयान दोहरा रहे हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर युद्ध विराम करवाया है। लेकिन अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर सीधे कोई खंडन नहीं किया है। अपना पक्ष रखने के लिए जो प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की यात्रा पर भेजे गए थे, उनके नतीजे भी कुछ खास नजर नहीं आ रहे। क्योंकि इसमें सरकार की मंशा ही साफ नहीं थी कि आखिर वह प्रतिनिधिमंडलों के जरिए क्या हासिल करना चाहती थी। अगर मकसद विदेशों से समर्थन हासिल करना था, तो फिर इन मंडलों के सदस्यों की मुलाकात हरेक देश में नीति निमार्ताओं से होनी चाहिए थी, जहां उन्हें आश्वासन मिलता कि वे पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकी गतिविधियों का विरोध करेंगे, लेकिन एकाध देश छोड़कर अधिकतर देशों में प्रतिनिधिमंडल में गए सदस्यों ने कहीं थिंक टैंक के लोगों से मुलाकात की या फिर पूर्व मंत्री, पूर्व राजनयिक, पूर्व अधिकारी के साथ बैठकें कीं।



इसमें भी एक वीडियो सामने आया जब एक प्रतिनिधिमंडल की सदस्या रेखा शर्मा खाने की मेज पर गीत गाते दिखीं और बाकी लोग तालियां बजा रहे थे। इस पर सवाल भी उठे कि एक बड़े आतंकी हमले के बाद वैश्विक समर्थन हासिल करने यह दल गए हैं या जनता के पैसों पर विदेशों में पिकनिक मनाने। इन्हीं रेखा शर्मा ने देश लौटकर एक समाचार चैनल से कहा कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यही थी कि जिन देशों में कांग्रेस कभी पहुंच नहीं पाई और जिन देशों में कांग्रेस का कभी स्वागत नहीं होता था, वो देश अब भारत की लीडरशिप की तरफ नेतृत्व के लिए देख रहे हैं। इस मूर्खतापूर्ण और सिरे से गलत बयान पर हंसा जाए या दुख मनाया जाए कि देश की संसद में ऐसे लोग पहुंच गए हैं, जिन्हें मोदीभक्ति तो खूब आती है, लेकिन राजनैतिक इतिहास का ज्ञान शून्य है।

# आतंकवाद विरोधी राष्ट्रीय सवार्नुमति कौन तोड़ रहा है?

**राजेन्द्र शर्मा**

इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि-लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं। पहलगाम की दरिंदगी और उसके बाद के घटनाक्रम पर, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल है, राष्ट्रीय सवार्नुमति की मियाद पूरी हो गयी लगती है। और यह विपक्ष के बावजूद और मुख्य रूप से सत्ताधारी संघ-भाजपा की, इस घटनाक्रम से उठी देश की चिंताओं व भावनाओं को, अपने राजनीतिक/ चुनावी लाभ के लिए भुनाने की हड़बड़ी की वजह से हो रहा है। और इस मुहिम का नेतृत्व सबसे बढ़कर खुद प्रधानमंत्री मोदी और उनके नंबर-दो माने जाने अमित शाह और भाजपा के अन्य सभी शीर्ष नेता कर रहे हैं। यह सिलसिला उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां स्वयं प्रधानमंत्री की सभा में, 'अब ऑपरेशन सिंदूर की तरह प. बंगाल में ऑपरेशन बंगाल चलाने' के आह्वान किए जा रहे हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि यह आह्वान प. बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए किया जा रहा था, जो अगले साल के शुरू के महीनों में होने हैं। तभी असम, केरल, तमिलनाडु तथा पुदुच्चेरी की विधानसभाओं के भी चुनाव होने हैं। इसी बीच, बिहार में जहां चुनाव अब कुछ ही महीने दूर रह गए हैं, खुद प्रधानमंत्री ने अपनी व्यावहारिक मायनों में चुनावी सभाओं में याद दिलाना जरूरी समझा है कि पहलगाम के बाद बिहार की धरती पर उन्होंने जो आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का वादा किया था, उसे उन्होंने पूरा कर दिया है! जाहिर है कि पहलगाम की दरिंदगी के बाद उठे आतंकवादी-विरोधी भावनाओं के ज्वार और 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी के दावों को, अपने चुनावी राजनीति के थैले में बंद करने की मोदीशाही की हड़बड़ी ही है जो, राष्ट्रीय सवार्नुमति के टुकड़े करने पर आमादा है।

## गर्दन और पीठ में दर्द किस बीमारी का लक्षण है, एक्सपर्ट्स से जानें

गर्दन और पीठ में दर्द होना आम बात है. ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, मोबाइल या लैपटॉप पर घंटों झुके रहना, भारी सामान उठाना या फिर गलत तरीके से सोना भी गर्दन और पीठ में दर्द का कारण बन सकते हैं, लेकिन कभी-कभी यह दर्द किसी गंभीर बीमारी का भी संकेत हो सकता है? एक्सपर्ट्स बताते हैं कि अगर यह दर्द लगातार बना रहे, आराम करने पर भी ना जाए या रोजमर्रा के कामों को प्रभावित करने लगे, तो इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है.

अगर आपकी गर्दन में अक्सर जकड़न और दर्द बना रहता है, जो खासकर सुबह के समय ज्यादा महसूस होता है, तो यह सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस हो सकता है. इसमें गर्दन की हड्डियां और आसपास की नसें दब जाती हैं. कई बार इससे हाथों में झुनझुनाहट या सुन्नपन भी होने लगता है. यह समस्या खासकर उन लोगों में पाई जाती है जो लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं या गर्दन झुकाकर मोबाइल देखते हैं. दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में आर्थोपेडिक विभाग के पूर्व डॉ. रोहन कृष्ण बताते हैं कि सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस में गर्दन की हड्डियों और डिस्क के बीच स्पेस कम हो सकता है. इस बीमारी मेंनर्व रूट्स या स्पाइनल कॉर्ड पर दबाव पड़ सकता है, जिससे पीठ से लेकर गर्दन तक दर्द महसूस होता रहता है.

**स्लिप डिस्क की समस्या भी हो सकती है**

हेल्थलाइन के मुताबिक,हमारी रीढ़ की हड्डी में कुशन जैसे डिस्क होते हैं जो झटकों को कम करने में मदद करते हैं. लेकिन कभी-कभी ये डिस्क अपनी जगह से खिसक जाते हैं, जिसे स्लिप डिस्क कहा जाता है. इससे रीढ़ की नसें दब सकती हैं, जिससे पीठ के निचले हिस्से या गर्दन में तेज दर्द हो सकता है. इसके साथ-साथ हाथ या पैरों में कमजोरी, सुन्नपन या जलन जैसी समस्या भी दिख सकती है. ये दर्द हाथों में बना रहता है और ये तेज और हल्का दोनों तरह का हो सकता है.

मांसपेशियों में खिंचाव या चोट

डॉ. रोहन कृष्ण के मुताबिक,अगर आपने हाल ही में भारी सामान उठाया है या गलत पोजिशन में बैठे/सोए हैं, तो गर्दन या पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है. इससे सूजन और दर्द होता है. आमतौर पर यह दर्द आराम करने, गर्म सिंकाई और हल्के व्यायाम से ठीक हो जाता है।




# भिवानी में धूमधाम से मनाया गया ईद अल अजा का त्यौहार

## अपने अंदर बुराइयों को कुर्बान करने का त्यौहार है ईद अल अजा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 07 जून।** भारत विविधताओं का देश है, जहां पर विभिन्न धर्मो एवं संप्रदायों के लोग मिल-जुलकर हंसी-खुशी सभी त्यौहार मनाते है तथा एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होकर त्यौहार की खुशियां बढ़ाने का काम करते है। इसी कड़ी में शनिवार को स्थानीय ढ़ाणा रोड़ स्थित शांति गार्डन के सामने ईद-उल-अजा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया, जहां पर लोगों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस मौके पर सुबह साढ़े 8 बजे में ईद-उल-अजा की नमात मौलाना हबीबुल रहमान ने अता करवाई तथा देश की अमन शांति खुशहाली वह भाईचारे बनाए रखने के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी। इस मौके पर



मस्जिद कमेटी के प्रधान जोरावर अली ने बताया कि यह त्यौहार एक कुबार्नी का त्याग का और अपने अंदर बुराइयों को कुर्बान करने का त्यौहार है। इद-उल-अजा का महत्व बताते हुए जोरावर अली कहा कि इस्लामिक मान्यता के मुताबिक रमजान महीने के अंत में ही पहली बार कुरान आई थी। मक्का से मोहम्मद पैगंबर के प्रवास के बाद पवित्र शहर मदीना में ईद-उल-अजह का उत्सव शुरू हुआ। यह त्योहार आदम आले सलाम और हजरत इब्राहिम आले सलाम से लेकर आज तक चलता आ रहा है। सुबह से ईदगाह में लोग नमाज के लिए पहुंचे। वही भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रशासन का भी बहुत अच्छा सहयोग रहा है। इस मौके पर अनेक लोग मौजूद रहे।

## मुस्ताबाद में किसानों का धरना तीसरे दिन में दाखिल

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 07 जून।** गांव मुस्ताबाद में किसानों की काश्त भूमि पर जिला प्रशासन द्वारा एक रेत कारोबारी को जबरन कब्जा दिलवाने के प्रयास के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। दर्जनों किसानों ने डेरा डाल रखा है और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। आज धरने की अध्यक्षता किसान नेता जोगिन्द्र सिंह सांगवान शेखपूरा ने अध्यक्षता की, संचालन जिला महासचिव सुरेंदर सिंह बैनीवाल ने किया।
आस-पास के कई गांवों से किसान एकजुट होकर समर्थन में पहुंचे। सोमवार को किसान जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करेंगे और एसपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। धरने पर उपस्थित किसानों ने "एकता जिंदाबाद", "जमीन हमारी झ हक हमारा"जैसे नारे लगाकर विरोध को मुखर किया। किसानों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के प्रशासन ने भारी पुलिस बल और मशीनरी के साथ खेतों में घुसपैठ की, और कब्जा दिलवाने की कोशिश की। जब इसकी भनक किसानों को लगी, तो वे भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से इसका विरोध किया। विरोध को देखते हुए प्रशासनिक अमले को पीछे हटना पड़ा।

## स्पेशल री-इवेलुएशन की फीस वृद्धि हो तुरंत वापस : भारत बराड़

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** एसएपी से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने किया बेतुका फरमान जारी किया है, पुनर्मूल्यांकन की फीस को 1000 से बढ़ा कर 2000 रुपए कर दी गई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा का व्यापार बन चुका है। स्पेशल रिवेन्यूएशन के पेपर चेक करने के लिए जो कमेटी बैठती है, वो कमेटी विद्यार्थी को एक हफ्ते में बताती थी कि आपका पेपर चेक होगा या नहीं। उसके बाद फीस कटती थी। लेकिन अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा तुगलुकी फरमान जारी किया है कि स्पेशल रिवेन्यूएशन की फीस कमेटी का फैसला आने से पहले ही ली जाएगी, चाहे कमेटी के द्वारा पेपर चेक करने के लिए ना हो या हां हो। अगर पेपर चैकिंग के लिए अप्रूव नहीं होता, तो विद्यार्थी की फीस वापस भी नहीं होगी। ये फरमान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हजारों विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। अगर जल्दी ये तुगलकी फरमान वापिस नहीं लिया जाता तो छात्र संगठन एएसएपी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी, इसका जिम्मेदार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन होगा। छात्र संगठन एएसएपी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह करता है कि स्पेशल री-इवेलुएशन की फीस वृद्धि तुरंत वापस ली जाए। मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए और स्पेशल री-इवेलुएशन की फीस पेपर चैकिंग की लिए बैठी कमेटी का फैसला आने के बाद ली जाए।

## रतिया पुलिस ने ऑनलाइन पैसे कमाने का लालच देकर युवक से ठगी करने के आरोपी को राजस्थान से किया काबू

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 07 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस द्वारा साइबर ठगी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की धरपकड़ को लेकर निर्देश जारी किए गए है। इन निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने ऑनलाइन पैसे कमाने का लालच देकर एक युवक से हजारों रुपये ठगने के आरोपी को राजस्थान के जैसलमेर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हदमाना राम पुत्र सोना राम निवासी जिला जैसलमेर के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस कस्टडी में शामिल तफ्तीश किया गया। पुछताछ बाद पुलिस जमानत पर रिहा किया।
थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 30 जनवरी 2025 को गांव लुठेरा निवासी सुखविन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 26 जनवरी को उसके पास टेलीग्राम आईडी से लिंक आया था। जैसे ही उसने इस लिंक पर क्लिक किया तो उसके खाते से 7 हजार रुपये निकल गए। युवक ने कहा कि इस आईडी से पहले भी उसके पास ऑनलाइन पैसे कमाने और ऑनलाइन काम करने के लिए मैसेज आए थे। जब लिंक पर क्लिक होने से कटे पैसों बारे उसने मैसेज करके पूछा और पैसे वापस मांगे तो उसके पैसे नहीं लौटाए गए।
युवक का आरोप है कि अज्ञात ठगों ने उससे फ्रॉड कर 7 हजार रुपये हड़प लिए हैं। इस मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे राजस्थान के जैसलमेर से काबू कर शामिल तफ्तीश कर पूछताछ की। मामले मे तफ्तीश जारी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा: करनाल में महिलाओं को मिला नेतृत्व का मंच

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 07 जून।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम कार्यालय के सभागार में नारी की भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, वार्ड 1 की पार्षद सुदेश रानी, वार्ड 10 की पार्षद आशया कुमार, वार्ड 15 की पार्षद प्रियंका सैनी तथा वार्ड 17 की पार्षद ममता देवी, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही।
कार्यक्रम में नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम के सदस्यों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वच्छता और स्वस्थता के प्रति जागरूक किया गया, ताकि स्वच्छ भारत मिशन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। महिलाओं को बताया गया कि वह किस प्रकार अपने देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दे सकती हैं। वह किन-किन सावधानियों को अपनाकर स्वयं का और अपने परिवार की सेहत का ध्यान रख सकती है। इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता पर ज्यादा फोकस किया गया। महिलाओं को कूड़ा पृथक्करण के तहत गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त पीले, लाल और काले रंग के डस्टबिन में कौन-कौन सा कचरा डाला जाता है, उसकी जानकारी दी। एकल प्रयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने बारे में जागरूक किया गया।

## लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा लगाई गई ठंडे मीठे पानी की छबील

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 07 जून।** लायंस क्लब रत्तिया टाऊन द्वारा आज बुढ़लाड़ा रोड़ रतनगढ़ पर लायन कीर्ति जैन ,व समाज सेवी कश्मीर सिंह ठेकेदार के सहयोग से निर्जला एकादशी पर मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई। उस अवसर पर राहगीरों को गर्मी में प्यास बुझाने हेतु पानी पिलाया गया तथा हजारों राहगीरों ने जल रूपी लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर क्लब प्रधान लायन विजय जिंदल ने कहा कि आज के दिन जल रूपी सेवा को सबसे पुण्य माना गया है क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार निर्जला एकादशी व्रत व सेवा मानव के सभी पापों का नाश करती है और मनुष्य सुखों को प्राप्त करता है ।



क्लब द्वारा इस पुनीत कार्य में सहयोग देने जे लिए कश्मीर सिंह ठेकेदार व जिंदल परिवार का आभार प्रकट किया इस अवसर पर प्रधान विजय जिंदल ,सचिव शिव सोनी ,कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश जैन ,कीर्ति जैन ,लाल सिंह ,सतपाल सिंह ,नरेन्द्र ग्रोवर ,सतपाल जिंदल सदस्यों सहित कश्मीर सिंह ठेकेदार हरमनदीप सिंह ,कृष्ण कुमार ,गोबिंद राय,वीरपाल मणि देवी व अनेक सेवादार उपस्थित थे ।

# किसानों के शोषण में लगी है डबल इंजन वाली भाजपा सरकारः सविता मान

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 07 जून।** स्वयं को किसान हितेषी करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी है। उसने किसानों से सदैव वायदा खिलाफी की है। किसी न किसी बहाने से किसानों का शोषण किया जा रहा है, फसलों का एमएसपी मिलना तो दूर किसानों को डीएपी खाद तब ब्लैक में खरीदनी पड़ रही है। यह आरोप महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव सविता मान ने यहां जारी एक बयान में कही। उन्होंने सरकार से अनुरोध करते



हुए कहा कि डीएपी खाद की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार में बस लूट और हकमारी का आलम है। अन्नदाता किसान की अनदेखी की जाती रही है, किसान को आज तक फसलों पर एमएसपी नहीं मिल रही, तो दूसरे नकली बीज और खाद, कीटनाशक उसकी कमर तोड? में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस समय सब्जी, धान, नरमा कपास और अन्य फसलों की बिजाई चल रही है जिसमें अधिकतर फसलों की बिजाई में डीएपी खाद की जरूरत होती है पर अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी के चलते डीएपी खाद की कालाबाजारी जोरो पर है, एक बैग डीएपी खाद की सरकारी कीमत 1350 रुपए है, सरकारी दुकानों पर डीएपी खाद की कमी है या चहेतों को दी जा रही है। आम आदमी प्राइवेट दुकान पर एक बैग 1650 रुपए में खरीदने को मजबूर है यानि किसान को 300रुपए प्रति बैग ज्यादा देना पड़ रहा है। प्रदेश के कई जिलों में डीएपी खाद की कमी है या ये कमी जानबूझकर पैदा की जा रही है ताकि किसान प्राइवेट दुकानों पर जाकर ब्लैक में खाद खरीदने को मजबूर हो।

# रतिया पुलिस द्वारा जीजा के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 07 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशों के तहत चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत रतिया पुलिस ने एक व्यक्ति को उसके जीजा के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया है।
गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी गांव सरदारेवाला के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके।

**क्या है मामलाः**
थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक राजबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि



यह मामला 3 जून को गांव बलियाला निवासी मनदीप सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व गांव सरदारेवाला निवासी ज्योति से हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी अधिकांश समय अपने भाई गुरप्रीत सिंह के पास ही रहती थी।
दो महीने पूर्व ज्योति अपने मायके आई और मनदीप से कहा कि अब उसे भी मायके में ही रहना होगा, जिस पर मनदीप ने असहमति जताई। 2 जून को ज्योति ने फोन कर मनदीप को उसे लेने के लिए बुलाया। जब मनदीप अपने मित्र बलजीत सिंह के साथ गांव सरदारेवाला पहुंचा, तो वहां उसकी पत्नी मौजूद नहीं थी। वहां उसके साले गुरप्रीत सिंह, मौसी का लड़का सेवक सिंह और उनके तीन अन्य साथी मौजूद थे।
आरोप है कि इन सभी ने मिलकर मनदीप को पकड़ लिया और एक कमरे में बंद कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। जब बलजीत सिंह ने उसे छुड़ाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। आसपास लोग इकट्ठा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।
घायल मनदीप को बलजीत सिंह द्वारा रतिया के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत के चलते अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**क्या कार्रवाई हुईः**
पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अब तक मुख्य आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

# योग से मानसिक एवं आत्मिक बल की होगी उन्नति : डॉ. शकुंतला दहिया

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 07 जून।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कैथल के उच्च शिक्षण संस्थानों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रोटोकॉल शिविरो का शेड्यूल जारी किया गया है, जिसमें 7 जून को नीलम यूनिवर्सिटी, आरकेएसडी कॉलेज, आईजी कॉलेज, जाट कॉलेज एवं तहसील स्तर के महाविद्यालयो में



योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज में योग प्रोटोकॉल शिविर करवाने का मकसद विद्यार्थियों को तनाव एवं नशे से मुक्त रहने का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन में अपनाकर अपने शारीरिक चित्र एवं चरित्र को अच्छा बनाना है। योग से मानसिक एवं आत्मिक बल की उन्नति होती है।
नीलम यूनिवर्सिटी में संदीप तंवर, सुखदेव, रवि कुमार, आरके एसडी कॉलेज में नरेश कुल योग सहायक, आईजी कॉलेज में संजू आर्या, सीमा कुमारी, जाट कॉलेज में सतीश कुमार, नरेश धौंस ने योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का अभ्यास करवाया। नीलम यूनिवर्सिटी में संदीप तंवर ने बताया कि योग को जीवन में अपनाकर जीवन को खूबसूरत बनाया जा सकता है, इसलिए नियमित प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। संजू आर्या ने आईजी कॉलेज में योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, तिर्यक ताड़ासन उष्ट्रासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास करवाया।

# नवयुग स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने सीखे पाक कला के गुर

## बच्चों ने शेफ बन कर पाक कला के प्रति अपने उत्साह को बखूबी दशार्या

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 07 जून।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में समर कैंप के षष्ठम दिवस पर बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर अर्थात बिना आग के खाना बनाना गतिविधि में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने कक्षा स्तर पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए तथा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा तृतीय ने भेलपुरी बनाई, जो ताजगी और स्वाद से भरी हुई थी। कक्षा चतुर्थ ने ब्रेड से सैंडविच तैयार किए, जिन्हें बच्चों ने अपने पसंदीदा टॉपिंग्स से सजाया। कक्षा पंचम ने चना चाट बनाई, जो स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट थी।कक्षा षष्ठम ने गोलगप्पे बनाकर सभी को लजीज



अनुभव दिया। कक्षा सप्तम ने ब्रेड से दही भल्ले तैयार किए, जो सभी के लिए एक नई चुनौती थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन बच्चों में मिल-जुलकर काम करने, नई चीजें सीखने और खाना बनाने की आदतों को विकसित करने के लिए किया गया है।
सभी विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ भोजन विकल्पों के प्रति जागरूकता पैदा करने और उन्हें रसोई में आत्मविश्वास विकसित करना रहा। नन्हें मुन्ने बच्चों ने शेफ बन कर अपने हाथों के हुनर और पाक कला के प्रति अपने उत्साह को बखूबी दशार्या। इस पाककला अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपने स्वाद को समृद्ध किया, बल्कि खाना पकाने की कला के लिए अपनी कल्पना और प्रशंसा को भी पोषित किया। उनके द्वारा प्रयोग की गई हर सामग्री एक कहानी बयां करती थी तथा यह अनुभव उनकी पाककला अन्वेषण और रचनात्मकता का प्रमाण था। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्य अध्यापिका प्रीती मिश्रा सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जलघर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 07 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार द्वारा जिले भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान खंड उकलाना के मुख्य जलघर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।
इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर पौधे लगाकर ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए जनसहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण व जागरूकता के लिए समर्पित दिन है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटने के लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। यह कार्य न केवल हमारी पृथ्वी को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि वर्षा में वृद्धि और जलस्तर सुधारने में भी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार खंड बरवाला के गांव राजली स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। बीआरसी रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण की महत्ता और पेड़-पौधों के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में पौधारोपण का विशेष महत्व होता है, जिससे वातावरण शुद्ध रहता है और गर्मी कम होती है। जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। संसाधनों का अत्यधिक दोहन और घटती वर्षा चिंता का विषय हैं। यदि हम अधिक पेड़ लगाएं तो वर्षा में वृद्धि होगी और भूजल स्तर भी बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत उकलाना, बरवाला, हांसी और हिसार के जलघरों पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के सहयोग से अगले सप्ताह विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर बीआरसी प्रदीप कुमार, अनिल कुंडू, मोहम्मद इसाक, सुमित मोर, कृष्णा, विक्रम, पिल खूंगा, सुरेंद्र, रामेश्वर शर्मा, निंदर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## अग्रोहा धाम में 11 जून को पूर्णिमा पर होगा भजन समारोह, छप्पन भोग व भण्डारें का आयोजन : बजरंग गर्ग

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 07 जून।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में 11 जून 2025 को पूणीर्मा के पावन पर्व पर होने वाले भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग, सवामणि व भण्डारें की तैयारियों पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मन्दिर में पूजा करने के उपरांत कहा कि अग्रोहा धाम में 11 जून 2025 को पूणीर्मा पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग व भण्डारें का आयोजन होगा।
बजरंग गर्ग ने कहा कि 30 सालों से अग्रोहा धाम में पूणीर्मा का कार्यक्रम हो रहा है और हर साल गुरु पूणीर्मा का कार्यक्रम भी भव्य रूप से बनाया जाता है। अग्रोहा में 10 एकड़ में करोड़ों रुपए लागत से मॉडर्न स्कूल बनाया जाएगा। परमात्मा के बाद गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है हर व्यक्ति की तरक्की में गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है। माता-पिता ने हमें जन्म दिया पर गुरु ने जीनें की कला सिखाई है। हम सबको गुरु जी के बताएं हुए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर एनके गोयल, आनन्द गोयल, सत्यपाल अग्रवाल, अनिल सिंगला, रवि सिंगला, पवन गर्ग, अनन्त अग्रवाल, ब्रह्मानंद गोयल, निरंजन गोयल, श्रीमति कान्ता गोयल, सुरेंद्र मित्तल, नेहा मित्तल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।
चित्र परिचय : अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग पूजा व प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए। 07 हिसार 05

## नौकरी दिलवाने के नाम पर करीब पांच लाख रुपए ठगे

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माइलाबाद, 07 जून।** आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 501150 रुपए की धोखाधडी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
गांव नैसी वासी कश्मीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर अप्रैल 2022 में अपने फेसबुक फ्रैंड उतराखंड देहरादून के तेलपुरा मेहुन्वाला खालसा निवासी विशाल वर्मा द्वारा एक डाली हुई एड को देखा। उसकी अपने इस फेसबुक फ्रैंड बातचीत होती रहती थी। उसको विशाल वर्मा ने बताया कि वह आर्मी में जॉब करता है। उसने उसके बेटे के बारे में जानकारी ली और कहा कि वह उसके बेटे को आर्मी में जॉब लगवा सकता है। उनके अधिकारियों को कोटे के हिसाब से पोस्टें निकलती रहती है। इसने नौकरी के लिए पांच से छह लाख रुपए का खर्च बताया। इसपर उसने अपने लड़के के सर्टिफिकेट आदि भेज दिए और अलग अलग मदो में आरोपी विशाल वर्मा व आरोपी शुभम वर्मा के खाते में 5 लाख एक हजार 150 रुपए डाल दिए। लेकिन इसके बाद भी उसने नौकरी नहीं लगवाई। अपने दिए रुपए मांगे तो उसने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनको ब्याज सहित फरवरी 2025 को रुपए दे देगा। लेकिन उसके बाद दोनों आरोपियों ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। उसे अपने साथ धोखाधडी होने का अहसास हुआ तो वह उनके गांव के सरपंच व डाकपत्थर थाना विकास नगर के इंचार्ज को लेकर 20 मार्च को उनके घर गया तो वहां पर आरोपी विकास वर्मा नहीं मिला। लेकिन वहां मिले आरोपी शुभम वर्मा ने 10 दिन का समय मांगा। वहीं आरोपी ने बताया कि उसका भाई विशाल वर्मा आर्मी में नहीं लगा है। बल्कि वह ठेकेदारी का काम करता है। अब दस दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसको कोई पैसे नहीं दिए। फोन भी बंद आ रहे है। कश्मीर सिंह ने पुलिस से गुहार लगाई कि उसके साथ हुई धोखाधडी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नवजीवन हॉस्पिटल में शुरू हुई नवजात शिशु एंव बाल रोग विशेषज्ञ की सुविधाएँ

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया, 07 जून।** स्थानीय आजाद मार्केट स्थित नवजीवन हॉस्पिटल में गत सप्ताह से बुधवार एवं शनिवार के दिन फतेहाबाद के सुप्रसिद्ध चौहान चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक डॉ राहुल चौहान जो कि नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ हैं कि ओपीडी एवं विभिन्न सुविधाएं प्रारंभ हो चुकी है गत सप्ताह भी डॉक्टर राहुल चौहान ने रतिया क्षेत्र के विभिन्न विभिन्न प्रकार के बाल रोगियों की जांच की एवं उन्हें चिकित्सा लाभ प्रदान किया। आज लगभग डॉ राहुल चौहान द्वारा 50 के करीब रोगियों की निशुल्क जांच की गई यह जानकारी देते हुए नवजीवन अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर नीरज कटारिया ने बताया की अभी समय को देखते हुए सप्ताह में दो बार बाल चिकित्सा की ओपीडी स्टार्ट प्रारंभ की गई है आने वाले दिनों में इसको और भी बढ़ाया जा सकता है। अब रतिया क्षेत्र के लोगों को बच्चों के इलाज के लिए बड़े शहरों की तरफ रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## योग से तन-मन व आत्मा की शुद्धि होती है : मेहता



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 07 जून।** पतंजलि योग समिति,महिला योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट रतिया द्वारा पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में टिब्बा कॉलोनी स्थित श्रीराम आश्रम शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित 10 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन तहसील प्रभारी ने योग साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाते हुए कहा कि योग से तन-मन व आत्मा की शुद्धि होती है। आसन व प्राणायाम से तन व मन की शुद्धि होती हैं जबकि ध्यान से आत्मा की शुद्धि होती है। योग से चित्त की एकाग्रता बढ़ती है,आत्म विश्वास बढ़ता है,पूरा दिन एक असीम सुख व शांति का आभास बना रहता है

इस मौके पर जिला प्रभारी धर्मवीर ललित,मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला,महिला प्रभारी यश्वी मेहता,मां.गोपाल चंद,सुशील बांसल,चिमनलाल सिंगला,देवी लाल चंदौरा,संजीव गोयल,शिव बांसल,दविन्द्र बजाज,डॉ.नरेश गोयल,गगन स्वरूप मंगला सहित काफी संख्या में साधक मौजूद थे।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों हेतू किया गया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सोनीपत, 07 जून।** 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में महानिदेशक आयुष हरियाणा आईएएस संजीव वर्मा एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के कुशल नेतृत्व एवं हरियाणा योग आयोग की तरफ से डॉ. मदन मानव व प्रियंका की देखरेख में जिला सोनीपत के बहालगढ़ स्थित ग्रुप कैंप सीआरपीएफ खेवडा में आयुष विभाग के द्वारा योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एमडी शुगर मील सोनीपत अमित खोखर व सीआरपीएफ डीआईजी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करी।

एमडी शुगर मील अमित खोखर ने बताया कि योग दिवस को हमें पर्व के रूप में मनाना चाहिए। हर रोज योग करने से हमारे अंदर मानसिक व शारीरीक क्षमता का विस्तार होता है। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है।

डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह ने बताया कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है। योग मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग सोनीपत द्वारा लगातार 3 वर्षों से केंद्र को योग से जोड़ने एवं कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

## अब स्वास्थ्य विभाग के निजीकरण पर भी उतर आई भाजपा सरकार

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** हरियाणा सरकार द्वारा केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच प्रमुख बीमारियों को सूची से हटाने के फैसले पर जननायक जनता पार्टी ने रोष जताते हुए इसे आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के स्वास्थ्य अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया है। जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन, बच्चेदानी का ऑपरेशन, दूरबीन से पित की थैली का ऑपरेशन,उल्टी-दस्त की बीमारी व सास संबंधित बीमारियों के निःशुल्क उपचार को आयुष्मान योजना की सूची से हटा दिया गया है। जिसके बाद अब बीमारियों के मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिए अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा, जिसका सीधे रूप से असर उनके जीवन पर पड़ेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इन बीमारियों के इलाज की लागत आमतौर पर लाखों में होती है, जिसे गरीब और वंचित तबकों के लिए वहन करना बेहद कठिन है तथा सरकार ने इन बीमारियों को आयुष्मान योजना से हटाकर आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अब स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण करना चाहती है और गरीबों को आत्मनिर्भर भारत के नाम पर राम भरोसे छोड़ रही है। जजपा जिला अध्यक्ष ने सरकार को स्पष्ट चोतवनी दी कि यदि सरकार ने अपने इस फैसले को जल्द वापिस नहीं लिया तो आमजन के हित जजपा विरोध प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगी।

## मेडीकल स्टोर से 675 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 07 जून।** स्पेशल स्टाफ डबवाली ने औषधि नियंत्रक अधिकारी के साथ ग्रोवर मेडिकल स्टोर मंडी डबवाली को 675 नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल मिलने पर मेडिकल संचालक रुपिंदरजीत सिंह पुत्र को नोटिस देकर अदालत के आदेशानुसार कार्यवाही की है।

प्रभारी स्पेशल स्टाप पीएसआई अरविंद कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उनकी टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर को साथ लेकर मलोट रोड डबवाली स्थित ग्रोवर मेडिकल स्टोर को चेक किया तो वहां से नशे में इस्तेमाल होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद हुए। जिसमें मुख्य तौर पर 360 गोलियां जैकडोल, 315 कैप्सूल सिग्मा बरामद किए गए तथा संचालक रुपिंद्रजीत सिंह को नोटिस देकर अदालत के आदेश अनुसार कार्यवाही की गई है।

# महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में करें आत्मसात: कंवर सिंह यादव

## भगवान श्री परशुराम पार्क सतनाली में रखी मन्दिर की नींव

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

सतनाली, 07 जून। कस्बा स्थित भगवान परशुराम पार्क में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन समारोह का आयोजन कर भगवान परशुराम मंदिर की नींव रखी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि हमें महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को साहस, विद्वता एवं वीरता का प्रतीक माना जाता है। वे



एक समाज के नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा और समर्पण करने वाले लोग हम सभी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। उन्होंने भगवान परशुराम सोसायटी द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए इसमें सहयोग के



लिए सर्वसमाज की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंच संचालन डिगरोता सरपंच प्रतिनिधि डा. अभिषेक शर्मा ने किया। कमेटी सदस्य एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सतनाली सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल को भी स्मृति चिन्ह भेंट की सम्मानित किया गया। इससे पूर्व अभिजीत मुहूर्त में शास्त्रोक्त रीति से पूजन उपरांत नींव रखी गई।

इस अवसर पर सोसायटी प्रधान शिवकुमार शास्त्री, पूर्व प्रधान मा. काशीराम मिश्रा, सुधीर दीवान महेंद्रगढ़, मनोज गौत्तम महेंद्रगढ़ आदि सहित सोसायटी पदाधिकारी, अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा कस्बे व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन ने सेक्टर 23 में सुनी नागरिकों की समस्याएं

### 14 जून को भिवानी में होगा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के साथ-साथ विशेषकर अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति आयोग के पास नागरिकों की जो भी शिकायतें या समस्याएं पहुंचती हैं, उन पर गंभीरता के साथ कदम उठाकर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि एससी वर्ग के लोगों के साथ में किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

बड़गुज्जर सेक्टर 23 में खुला दरबार लगाकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याएं



सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही हैं, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग भी शामिल है। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया गया है। यदि किसी व्यक्ति के साथ में अन्याय होता है या उसका शोषण होता है तो वह व्यक्ति आयोग में अपनी समस्या रख सकता है। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें आयोग के पास में पहुंचती हैं, उन पर आयोग द्वारा ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

उन्होंने कहा शोषण के खिलाफ आवाज उठाने में किसी को घबराने की कोई जरूरत नहीं है, एससी आयोग उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनी जा रहीं हैं।

नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने बताया कि14 जून को भिवानी में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन होगा, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के के मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याएं भी सुनी जाएंगी और कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिक अपने विचार प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश को एक अनुपम संविधान दिया है। यह संविधान हमारा गौरव है और संविधान के तहत ही हमारे हितों की रक्षा संभव है।

## आरोपी 7.13 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान डबवाली के वार्ड नंबर तीन से आरोपी को 7.13 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।

सीआईए कालांवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि एसआई रामस्वरूप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान डबवाली के गांधी चौक पर मौजूद थे। एसआई को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशा तस्करी का काम करता है और आज भी नशा तस्करी की फिराक में है। एसआई ने सूचना के अनुसार बताए स्थान वैष्णो माता मंदिर के पीछे वार्ड नंबर 3 मंडी डबवाली पर पहुंचे तो एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर पीछे मुडकर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर शख्स को काबू करके तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 7.13 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संजय कुमार पुत्र कृष्ण लाल निवासी वार्ड नंबर 3 मंडी डबवाली के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर डबवाली में में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

## पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत उपायुक्त ने हनुमान जोहड़ी मंदिर में किया पौधारोपण

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को होना होगा जागरूकता : उपायुक्त महाबीर कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किए गए पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि भिवानी के उपायुक्त महाबीर कौशिक ने शिरकत की तथा सान्निध्य हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज का रहा। यह जानकारी समाजसेवी रमेश सैनी व संजय शर्मा ने दी। पौधारोपण करने उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त महाबीर कौशिक ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से पर्यावरण का संतुलन



दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। परिणाम स्वरूप कहीं पर असमय अत्यधिक बारिश या बादल फटने से बाढ़ के हालात बनते हैं तो कहीं पर सूखा या अकाल पड़ता है।

हम सभी ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहे हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनका पालन पोषण भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जिला में वन विभाग द्वारा तीन लाख पौधें रोपित करने का लख्य लिया गया है, ताकि भिवानी की धरा को हरा-भरा बनाया जा सकें। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े की शुरूआत की गई है। जिसके तहत 1100 पौधों का रोपण किया जाएगा। जिसके तत विभिन्न शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं व नागरिकों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा, ताकि पर्यावरण असंतुलन को नियंत्रित करने के साथ-साथ शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कार्यकताओं का मान-सम्मान रहेगी प्राथमिकता : विरेंद्र कौशिक

### भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक का भव्य सम्मान समारोह आयोजित, लड्डुओं से तौला

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** जिला के गांव मिताथल में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय जनता ने गर्मजोशी से हिस्सा लिया। चंद्रशेखर सर्व कल्याण मंच मिताथल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता खरक मंडल महामंत्री इतेंद्र अत्री ने की। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक एकत्र हुए। जिन्होंने गांव में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें लड्डुओं से तौलकर अनोखे अंदाज में सम्मानित किया गया। मंच पर चारों ओर जय-जयकार और भारत



माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने उपस्थित सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, पूरे भाजपा परिवार और कर्मठ कार्यकताओं का है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते है तथा आज कार्यकताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। ऐसे में कार्यकताओं का सम्मान उनका कर्तव्य है तथा वे विश्वास दिलाते है कि प्रत्येक कार्यकर्ता का मान-सम्मान बरकरार रखना व संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कौशिक ने कहा कि भाजपा की ताकत उसकी जमीनी कार्यकर्ता है और मैं उनके भरोसे पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो के दौरान किए गए जनहित के अनेक कार्यो को गिनवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जन का उत्थान एवं उनके जीवन स्तर को सुधारना है, जिसके लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आज आमजन का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है तथा वे अपने आप को समाज की मुख्य धारा से जोड़ पाए है। जिसके लिए मोदी सरकार बधाई व आभार की पात्र है। इस अवसर पर सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## ऑर्गेनिक हरियाणी नर्सरी के उदघाटन एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का देंगे सन्देश

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा आठ जून रविवार को गांव मंढाण में ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी का उदघाटन करेंगे।

उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कैबिनेट मंत्री श्री गंगवा रविवार को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस मौके पर बागवानी क्षेत्र में अग्रणी किसानों को भी सम्मानित करेंगे।

कार्यक्रम के आयोजक ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी के संचालक डॉ अशोक बिरथल ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री गंगवा ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी का रिबन काटकर विधिवत रूप से उदघाटन करेंगे। उन्होंने बताया की नर्सरी का पिछले दिनों ही रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री बागवानी क्षेत्र में अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बने अग्रणी किसानों को सम्मानित करेंगे। कैबिनेट मंत्री इस मौके पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश भी देंगे।

## सेना के शौर्य को समर्पित सिंदूर वंदन कवि सम्मलेन पंचायत भवन में आज

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 07 जून।** महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर तथा पहलगाम आतंकवादी घटना का सिंदूर ऑपरेशन के माध्यम से बदला लेने वाली भारतीय सेना के सम्मान में जिला प्रशासन के तत्वावधान में साहित्यकार मित्र मंडली भिवानी द्वारा स्थानीय पंचायत भवन में 8 जून रविवार को शाम पांच बजे सिंदूर वंदन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए सीटीएम अनिल कुमार ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित इस कवि सम्मेलन में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि होंगे तथा डीसी महावीर कौशिक अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह कवि सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा सेना के सम्मान में काव्य पाठ किया जाएगा।

## हथियार दिखाकर कार सवार ने छीनी घोड़ी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** ऐलनाबाद के तलवाड़ा रोड पर कार सवार तीन लोग घोड़ी व उसके छोटे बच्चे को चरा रहे युवक को तेजधार हथियार दिखाकर घोड़ी व उसका बच्चा छीनकर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 1 निवासी मदनलाल ने बताया कि वह शादियों में घोड़ी सजाने का काम करता है। उसने बताया कि बीती 6 जून की शाम को वह तलवाड़ा रोड पर घोड़ी व उसके बच्चे को चराने के लिए लेकर गया हुआ था। इसी दौरान उसके पास एक कार आकर रूकी, जिसमें तीन लोग सवार थे। तीनों ने उसे पकड़ लिया और हथियार दिखाकर लगाम छीन ली। हालांकि उसने शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन हथियारों के डर से वह चुप रहा। एक व्यक्ति घोड़ी पर सवार होकर भाग गया, जबकि उसका छोटा बच्चा भी उसके साथ ही चला गया। बाकि दो लोग कार में सवार होकर भाग गए। उसने किसी तरह परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों को साथ लेकर उसने पुलिस को इस संबंधी सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## युवती व महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** गांव बाहिया से एक युवती तो रानियां के हिम्मतपुरा मोहल्ला से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में गांव बाहिया निवासी युवती के परिजनों ने बताया कि बीती 5 जून की दोपहर को उनकी बेटी अपने ननिहाल जाने का कहकर घर से गई थी, लेकिन उसके बाद से न तो ननिहाल पहुंची और न ही घर वापस लौटी। दूसरे मामले में रानियां के हिम्मतपुरा मोहल्ला निवासी महिला के पति ने बताया कि बीती 3 जून की को उसकी पत्नी अपने मायके जाने के लिए घर से गई थी, लेकिन वह न तो मायके पहुंची और न ही वापस घर आई। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन युवती व महिला का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## लाखों रुपए के डोडापोस्त बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर प्रोडक्शन वारंट पर लेकर किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** सीआईए सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 79 किलो 885 ग्राम डोडापोस्त बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है।

सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान खेता राम पुत्र भारमल निवासी सोमलसर थाना नोखा जिला बीकानेर राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर डोडापोस्त तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## चोरी का आरोपी काबू, चोरीशुदा गेहूं बरामद

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने गेहूं चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करके आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा गेहूं बरामद की है।

शहर थाना डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 06.06.2025 को नवीन कुमार पुत्र ओम कुमार निवासी सकता खेड़ा की शिकायत पर कि उसकी दुकान पर काम करने वाले पलेदार द्वारा उसकी दुकान पर रखी गेहूं चोरी कर लिए जाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार पुत्र सतपाल निवासी वार्ड नंबर 09 मंडी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

## रिटायर्ड मलेरिया अधिकारी के घर पर तोडफोड़, चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** एक रिटायर्ड मलेरिया अधिकारी के घर से चोरी का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत रिटायर्ड मलेरिया अधिकारी की पत्नी ने पुलिस को दी है और वह भी रिटायर्ड कर्मचारी है।

पुलिस को दी शिकायत में रिटायर्ड एलएचवी किशन कौर ने बताया कि उसका इकलौता बेटा नवराज सिंह ऑस्ट्रेलिया में रहता है और दोनों बेटियों की शादी पंजाब की हुई है। वह 83 वर्षीय बुजुर्ग और अक्सर बीमार रहती है। उसके पति दर्शन सिंह ने करीब 40-42 वर्ष पहले सिरसा में केलनिया रोड़ नजदीक सरकारी प्राइमरी स्कूल शमशाबाद पट्टी के पास एक प्लाट मकान नं. 58 लिया था। तब से वह रह रहे हैं और बिजली-पानी कनेक्शन है। महिला ने बताया कि उसके पति का बीती 29 जुलाई 2008 को देहांत हो गया। ऐसे में वह अकेली रहती है और कई बार अपने बेटियों के पास भी चली जाती थी। प्रीतपाल सिंह, शमशेर सिंह, सतविंद्र कौर उसका मकान हड़पने की फिराक में हैं। महिला किशन कौर ने बताया कि बीती 24 जुलाई 2024 को भी उन्होंने पीछे से घर का ताला तोडकर चोरी की थी। इस मामले में शहर थाना पुलिस को केस दर्ज भी करवाया था, पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रीतपाल सिंह, शमशेर सिंह, सतविंद्र कौर, बलविंद्र सिंह उसे बार-बार परेशान करने लगे। इस बारे में सीएम व डीसी को भी शिकायत की थी। महिला ने बताया कि इसी साल फरवरी माह में घर से मोटर चोरी कर ली। वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। इसमें कोर्ट केस हुआ था, जिसके फैसले के बाद प्रीतपाल व अन्य ने घर के बाहर लगी नेम प्लेट हटा दी। बीती 16 मई रात 8 बजे फोन आया कि आपके मकान के आगे जेसीबी व बुलडोजर खड़े हैं। सुबह पता चला कि मकान में रखा एसी, फर्नीचर, रसोई का सामान, चांदी के बर्तन व दरवाजे सहित करीब 18 लाख का सामान चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रीतपाल सिंह, शमशेर सिंह, सतविंद्र कौर, सुखदेव सिंह, शमशादबाद पट्टी निवासी जसपाल सिंह, पंजाब के पटियाला से पातरां निवासी बलविंद्र सिंह, जेसीबी ड्राइवर मनींद्र, सन्नी नागपाल प्रोपर्टी डीलर व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी में तान्या ने पाया तीसरा, जिले में पहला स्थान

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 07 जून।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसिज के अध्यक्ष एनके गुप्ता ने कहा कि यदि विद्यार्थी समाज में अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रचित होकर आगे बढ़े तो निश्चित ही सफलताएं सुनिश्चित होती हैं। ऐसा ही कुछ उनके संस्थान की जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कर दिखाया है।

पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसिज रोहतक की ओर से घोषित जीएनएम द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में उनके संस्थान की छात्रा तान्या ने 700 अंकों में से 576 अंक लेकर पूरे हरियाणा में तीसरा व जिले में पहला स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं संस्थान की ही छात्रा सीमा ने 700 अंकों में से 558 लेकर जिलेभर में दूसरा व छात्रा प्रीति ने 700 अंकों में से 556 अंक लेकर जिलेभर में तीसरा स्थान हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान संचालक एनके गुप्ता ने विद्यार्थियों के बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए संस्थान के सभी शिक्षकों को भी बधाई दी है। वहीं संस्थान के सचिव पुलकित गुप्ता, सीए राजेंद्र अग्रवाल, प्राचार्या कुलविंद्र कौर, संस्थान की काउंसलर एकता कालड़ा व प्रबंधक संजीव कालड़ा ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं। वहीं इन विद्यार्थियों ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों के दौरान राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसिज के विद्यार्थियों ने अपनी अथक मेहनत के बल पर पूरे हरियाणा में संस्थान की एक अलग पहचान स्थापित की है।

## प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाते समय रखें विशेष सावधानी: एसपी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 07 जून।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में सीसीटीवी कैमरों का अपराध एवं अपराधियों को पकड? में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकती है और वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भिजवाने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं।

जिला पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरों के संबंध में विशेष एडवाजरी जारी करते हुए एसपी गुप्ता ने आमजन से आह्वान किया कि वे दुकान, मकान व अन्य संस्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाते समय विशेष सावधानी व सतर्कता बरतें तथा उच्च क्वालिटी के हाई-रेजोल्यूशन कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कई बार सीसीटीवी कैमरे लगवाते समय हम ध्यान नहीं देते और कैमरे दुकान या मकान के गेट पर कैमरे की फ्रंट साइड को ज्यादा नीचे की तरफ करके लगा देते हैं, जिस कारण आने जाने वाले व्यक्ति के चेहरे को अच्छी तरह से कवर नहीं कर पाते। प्रायः देखने में आया है कि अपराधी चोरी की वारदारत को अंजाम देकर मौका से फरार हो जाते हैं और जब पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर दुकानों या मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालती है तो सीसीटीवी फुटेज में सिर्फ अपराधी के सिर या बालों की फुटेज दिखाई देती है, जिससे पुलिस को जांच में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा को उचित ऊंचाई पर लगाना सुनिश्चित करें ताकि शरारती तत्व या आपराधिक किस्म का व्यक्ति आसानी से उसे बंद न कर पाए। एडवाजरी में उन्होंने कहा कि सीसीटवी कैमरे लगवाते समय यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी अन्य व्यक्तिगत विशेष के क्षेत्र को कवर नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे व्यक्ति की निजता को खतरा हो सकता है, इसलिए स्थानीय कानूनों की पालन करना आवश्यक है।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने में जुटी सरकार: रातुसरिया, मुख्यमंत्री की घोषणाएं ऐतिहासिक

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 07 जून।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात देने का काम किया है। रातुसरिया ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम और हिसार में खास मंडी बनाने की घोषणा की। इसके तहत प्राकृतिक खेती और जैविक खेती से उत्पादित गेहूं, धान, दालों जैसे उत्पादों के लिए प्राकृतिक और जैविक मंडी बनेगी। रातुसरिया ने कहा कि हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के तहत प्राकृतिक तथा जैविक खेती के उत्पादकों को उनकी उपज के मूल्य निर्धारण के लिए हरियाणा में एक समिति बनेगी। सीएम ने प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपए प्रदान किए जाने की घोषणा की। इसके अलावा प्राकृतिक और जैविक खेती की उपज की जांच के लिए प्रयोगशालाएं भी स्थापित करने की घोषणा की गई। प्रयोगशालाएं किसानों की फसल की निःशुल्क जांच करेंगी। प्रत्येक पंचायत में पंचायती भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि या कम से कम एक एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित की जाएगी, यह भूमि केवल भूमिहीन किसानों को नीलामी के माध्यम से दी जाएगी। सरकारी और पंचायती जमीन पर जो भी किसान प्राकृतिक खेती करेगा, ऐसे किसानों को प्राकृतिक खेती योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में कच्चे माल के भंडारण और संस्करण के लिये चार ड्रम की खरीद के लिए 3 हजार रुपये प्रति किसान दिया जाएगा। इसके अलावा एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी देने की भी घोषणा की।

# लोहारू स्थित हनुमान मंदिर में पौधारोपण कर 2 हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प

## पर्यावरण के संरक्षण से ही सुरक्षित होगा जन जीवन: तायल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 07 जून।** शनिवार को हनुमान मंदिर में बरगद का पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के की शुरूआत की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान भी मौजूद रहे। नपा चेयरमैन प्रदीप उर्फ बंटी तायल ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित होगा। सभी का नैतिक दायित्व बनता है कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भागीदार बनें।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यदि पर्यावरण संतुलित नहीं रह पाएगा तो मानव का जीवित रहना भी संभव नहीं रह पाएगा। आज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हमें अधिक से



अधिक पौधे लगते होंगे। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर में पौधारोपण कर शुरूआत की है तथा हमारा लक्ष्य 2 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। समाजसेवी रामकिशन टिके वाला ने कहा कि प्रकृति की पूजा ही ईश्वर की पूजा है हमें ज्यादा-से-ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों के विषय में जागरूक रहना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान व नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप ने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में जुडकर पर्यावरण प्रहरी बनें ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब कोई संस्था या जनप्रतिनिधि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस प्रकार की पहल करते हैं तो इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है।

# श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन

## ना गोरे का ना काला के मैं लाडला खाटू वाले का भजन पर झूमे श्रद्धालु





**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से निर्जला एकादशी पर भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि निर्जला एकादशी पर शुक्रवार सुबह 8:15 बजे पटेल बस्ती स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर से श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा पटेल बस्ती मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए श्याम बगीची में पहुंचकर संपन्न हुई। निर्जला एकादशी पर बगीची के समीप तोरण द्वार पर दूध आइसक्रीम की छबील लगाई गई। रात को आठ बजे सरदूलगढ़ से



केवल बंसल के नेतृत्व में आए श्याम भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री व हितेश शर्मा ने मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद श्याम बाबा की पावन ज्योत प्रज्जवलित की गई और बाबा की आरती की गई। सदैव की भांति राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। गनेरीवाला ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- राम के रंग में रंगा हुआ है अंजनी सुत लाला, क्यूं घबराउं मैं मेरा तो श्याम से नाता है, छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ बाबा मरते दम तक, पकड़ लो हाथ बनवारी नही तो डूब जाएंगे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद फतेहाबाद से आई भजन गायिका साक्षी शर्मा ने बाबा श्याम के चरणों में भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। साक्षी शर्मा ने भजन- मन में हो विश्वास तो श्याम सहरा मिलता है, बाबा तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, सिंदूर चढ़ाने से हर काम होता है, बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, पलके ही पलकें बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे, काली कमली वाला मेरा यार है, ना गोरे का ना काले का मैं लाडला श्याम मुरली वाले का सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी जिन पर श्रद्धालु जमकर नाचे। रात को 9:15 बजे श्री श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्याम रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

## कार सवार दो युवक 500 ग्राम अफीम सहित काबू



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान जइया कोल्ड स्टोर सिरसा के नजदीक से कार सवार दो युवकों को करीब एक लाख रुपए की 500 ग्राम अफीम सहित काबू किया है।

सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान जेजे कॉलोनी सिरसा से होते हुए चतरगढ़ पट्टी फाटक सिरसा की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब जइया कोल्ड स्टोर के नजदीक पंहुची तो सामने से एक कार आती दिखाई दी। उक्त कार में सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक कार को वापस मोडकर भागने का प्रयास किया तो कार अचानक बंद हो गई। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त कार सवार युवकों को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो कार के गियर बॉक्स में एक पारदर्शी पन्नी मिली जिसमें से 500 ग्राम अफीम बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान आकाशदीप पुत्र बलजिंद्र सिंह निवासी साहुवाला प्रथम व काशवीर पुत्र गुरदीप सिंह निवासी किंगरा जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अफीम तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## छोटा शहर नहीं होता, सोच होती है: मोनिका, सिरसा की लडकी ने दी अमेजन प्राइम पर दस्तक

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 07 जून।** अगर हौंसले बुलंद है और दृढ़ निश्चय हो तो मुश्किल से मुश्किल मुकाम को पाया जा सकता है। ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है सिरसावासी मोनिका गोकुल मेहता ने, जिन्होंने अपनी मेहनत से बॉलीवुड में दस्तक दी है। मोनिका मेहता ऐसी पहली लडकी है, जिसने बॉलीवुड में एंट्री ली है।

मोनिका ने बताया कि इस सफर की शुरूआत आज से 5 वर्ष पहले हुई, जब उसने न्यूमेरोलॉजी द्वारा लोगों की जिंदगी बदलने का सोचा। मोनिका का कहना है कि अगर आपकी सोच बड़ी है तो आप कुछ भी बड़ा कर सकते हो। वह एक अच्छी लेखिका भी है और उन्होंने दिस इज नॉट यूअर मिस्टेक पुस्तक लिखी है, जिसमें बताया गया है कि हमें कैसे बोलना चाहिए और सोचना चाहिए, ताकि हम अपनी जिंदगी में सुख और समृद्धि पा सके। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी जिंदगी में जो कुछ भी अच्छा सोच सकते हो, वो सब कुछ पा सकते हो, क्योंकि छोटा शहर नहीं होता, छोटी सोच होती है।

# भारतीय सेना के जवान सुनील निराणिया का ढुकड़ा में भव्य स्वागत

## पहला वेतन गौशाला को किया समर्पित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** गांव ढुकड़ा, जिला सिरसा के होनहार युवा सुनील निराणिया पुत्र राजेंद्र निराणिया ने भारतीय सेना में चयन के बाद अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके उपरांत गांव लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं और देशभक्ति के नारों के साथ पूरे गांव ने गौरव और उत्साह से उनका अभिनंदन किया। गांव की पुरानी परंपरा रही है कि जब कोई युवा सेना में भर्ती होता है, तो समस्त ग्रामवासी उसका सार्वजनिक अभिनंदन करते हैं। उसी परंपरा का पालन करते हुए गांव की गौशाला में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग और गांव के प्रमुख व्यक्तिउपस्थित रहे। इस अवसर पर एक भावपूर्ण संदेश



सभी के हृदय को छू गया कि सेना का प्रशिक्षण शरीर को थकाता है, पर मन को कसता है। यही वह तप है, जो एक सैनिक को साधारण से असाधारण बनाता है। सुनील निराणिया ने न केवल इस तपस्या को सहा, बल्कि पूरे आत्मबल के साथ उसे पूरा कर गांव का गौरव बढ़ाया।

इस पावन अवसर पर सुनील निराणिया ने अपनी पहली सैलरी गौ माता की सेवा हेतु गांव की गौशाला को समर्पित की। उन्होंने कहा कि सेना की सेवा करना मेरा कर्तव्य है और गौ सेवा मेरे जीवन की आस्था है। सुनील निराणिया का परिवार राष्ट्र सेवा से लंबे समय से जुड़ा रहा है। उनके परदादा शहीद लादूराम वर्मा और पतराम वर्मा स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं और उनके परिवार के अन्य सदस्य भी सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब तीसरी पीढ़ी में सुनील ने भारतीय सेना में चयनित होकर पूरे गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। गांववासियों ने इस अवसर पर कहा कि देश सेवा करने वाले युवा हमारे गांव का गौरव हैं। सुनील ने जो कार्य किया है, वह आने वाली पीढि?ों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते 3 घंटे बिजली रहेगी बाधित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 07 जून।** रविवार सुबह 7 बजे से 10 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहने वाली है। इस दौरान 9 एपी फीडर बंद रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए बिजली निगम के एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को 33 केवी गिगनाऊ और 33 केवी दमकोरा पर लाइन मेंटेनेंस के चलते बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 25 गांवों की बिजली बाधित रहेगी। तीन घंटे बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

# नृशंस कृत्य: कस्सी से गर्दन काट कर पत्नी की हत्या

## खुद ही पुलिस को दी हत्या की जानकारी। शादी को हो चुके हैं 20 साल। केस दर्ज, आरोपी काबू, जांच में जुटी पुलिस

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 07 जून।** चौपटा थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा ढिल्लों निवासी रोहताश ने अपनी पत्नी की शनिवार अलसुबह हत्या कर दी है। उसने अपनी सोती हुई पत्नी की तेजधार हथियार के वार से गर्दन काट दी। मृतका की पहचान 42 वर्षीय सुमन के रूप में हुई है। सुबह परिजनों को घटना के बारे में पता चला। देखते ही देखते हत्या की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और घटनास्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो सुमन का खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस के अनुसार आरोपी रोहताश ने कस्सी से एक ही वार में अपनी पत्नी का गला काट दिया था। पुलिस ने कस्सी को अपने कब्जे में ले लिया। इसके अलावा आरोपी को भी पकड़ लिया गया, उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों की 20 साल पहले शादी हुई थी। दोनों के दो बेटे है, जिनमें से एक 19 साल का है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है।

**आरोपी ने पुलिस को किया फोन:**

हत्या के बाद आरोपी रोहताश ने पुलिस को खुद ही फोन किया और कहा कि उसने अपनी पत्नी को मार डाला है, आकर देख लो, लाश घर में पड़ी है।

**शाम को मजदूरी कर घर लौटा था आरोपी:**

आरोपी रोहताश नाथुसरी चौपटा एरिया में क्रेशर, बजरी की दुकान



में मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम को वह चौपटा से काम से घर आया था। शनिवार सुबह अचानक घटना का अंजाम दे दिया। हत्या क्यों की गई? पुलिस कारणों का पता लगाने के लिए जानकारी जुटा रही है।

**पुलिस के आने पर मिली पड़ोसियों को हत्या की जानकारी:**



ग्रामीणों के अनुसार रोहताश नशे का आदी भी नहीं था और न ही शाम को किसी ने उनके घर से झगड़े की आवाज सुनी। जब सुबह पुलिस पहुंची तो उन्हें हत्या का पता चला। मृतका की डेडबॉडी देखकर सब हैरान रह गए। बताया कि रोहताश ऐसा कर देगा, किसी ने सोचा भी नहीं था।

**महिला चलाती थी किरयाने की दुकान:**

ग्रामीणों के अनुसार मृतका सुमन अपने घर के कामकाज के साथ-साथ दुकान भी करती थी। आरोपी रोहताश ने करीब सात से आठ पहले खुद ही पत्नी माया को घर पर किरयाने की दुकान करवाई थी, जिसमें साथ ही मनियारी का सामान रखवाया। ऐसे में दोनों मिलकर घर खर्च चला रहे थे।

**पुलिस ने मृतका के मायके वालों को दी सूचना:**

मृतका का मायका सिरसा जिले के गांव महमदपुरिया में है। हत्या के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही मकान को लॉक कर दिया है। अब मृतका के परिजनों के आने का इंतजार है।

**पुलिस ने शुरू की जांच:**

नाथुसरी थाना प्रभारी राजकुमार का कहना है कि रोहताश ने अपनी ही पत्नी की कस्सी से गर्दन काटकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही नाथुसरी चोपटा थाना पुलिस और जमाल चौकी पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची थी। मामले में जांच जारी है। अभी मृतक महिला के परिजनों को बुलाया हुआ है।



# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढ़ती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।

मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी

**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

## मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

## हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।



**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**

# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

## विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

## ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

# लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नहीं समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या है? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या है और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

## आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

## अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

## वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोनः01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।